श्रीविष्णुप्रिया-नाटक

प्रभुपाद श्रीहरिदास गोस्वामी

● प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामी द्वारा रचित निम्न ग्रन्थ (सभी मूल ग्रन्थ बंग-भाषामें हैं) श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग कुन्ज, बुड़ा शिबटोला, पो० नवद्वीप (जिला–नदिया, बंगाल) में उपलब्ध हैं । बंग भाषा पढ़ने-समझनेवाले सभी महानुभावोंसे हमारा अनुरोध है कि वे इन मूल गन्थोंको अवश्य पढ़ें ।

१ श्रीविष्णुप्रिया-चरित
२ श्रीलक्ष्मीप्रिया-चरित
३ श्रीविष्णुप्रिया-विलाप-गीति
४ श्रीविष्णुप्रिया नाटक
५ श्रीविष्णुप्रिया-मङ्गल
६ श्रीविष्णुप्रिया-सहस्रनाम-स्तोत्र
७ गम्भीराय श्रीविष्णुप्रिया
८ श्रीगौराङ्ग-महाभारत
९ शचि-विलाप-गीति
१० श्रीगौर-गीतिका (२ खण्डोंमें)
११ बङ्गालके ठाकुर श्रीगौराङ्ग
१२ श्रीधाम वृन्दावनमें श्रीपाद मुरारि गुप्त प्रतिष्ठित श्रीश्रीनिताई-गौर-श्रीविग्रहकी अद्‌भुत लीलाकथा
१३ प्राचीन पद-कर्त्ता द्विज बलरामदासजीकी जीवनी व पदावली
१४ महाराज गजपति प्रतापरुद्र नाटक
१५ श्रीजाह्नवा-चरित
१६ सिद्ध श्रीचैतन्यदास बाबाजी
१७ श्रीमद्विश्वरूप-चरित
१८ उपदेश-द्विशतक
१९ श्रीमन्महाप्रभुके शिक्षाष्टककी टीका
२० सार्वभौम-शतकका अनुवाद
२१ श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-तत्व-संदर्भ
२२ श्रीचैतन्य-चन्द्रामृतका अनुवाद
२३ वेदान्त-स्यमन्तक
२४ मूर्ख-शतक

प्रभुपाद श्रीहरिदास गोस्वामी

विरचित

श्री विष्णुप्रिया-नाटक

जय शचिनन्दन जय गौरहरि।
विष्णुप्रिया-प्राणनाथ नदिया बिहारी ।।

व्रजका खेल कुलेल मगन मन।
नदियाका रज लुण्ठित तन ।।
व्रजका खेल मुरलिका वादन।
नदियाका हरिनाम भजन ।।
व्रजका खेल कुसुम वन विहरण।
नदियाका दृगजल वर्षण ।।

आर्यावर्त्त प्रकाशन-गृह
९५-ए, चित्तरंजन एवेन्यू, कलकत्ता-१२

प्रकाशक—
रामनिवास ढंढारिया,
आर्यावर्त्त प्रकाशन-गृह,
कलकत्ता-१२।

प्रथम संस्करण—२०००

न्यौछावर
रु० ३/७५ पैसे

प्राप्ति स्थान—
- श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्गकुञ्ज,
  बुड़ा शिबटोला,
  नवद्वीप (नदिया)।

- श्रीकृष्णचन्द्र,
  गीतावाटिका,
  शाहपुर, गोरखपुर, (उ० प्र०)।

- आर्यावर्त्त प्रकाशन-गृह,
  ९५-ए, चित्तरंजन एवेन्यू,
  कलकत्ता-१२।

- गोपाल ग्रंथालय,
  १८७, दादी सेठ अग्यारी लेन,
  बम्बई-२।

- राधा ग्रन्थ-कुटीर,
  ९८५-ए, गाँधी नगर,
  दिल्ली-३१।

- राजवैद्य पं० श्रीलक्ष्मीनारायणजी,
  प्रेमगली, पुराना शहर,
  वृन्दावन (मथुरा)।

मुद्रक—
मातादीन ढंढारिया,
नेशनल प्रिन्ट क्राफ्ट्स,
९५-ए, चित्तरंजन एवेन्यू,
कलकत्ता-१२ (फोन : ३४-७३२२)।

प्रकाशकीय निवेदन

चैतन्य-वल्लभा तुमि जगत ईश्वरी ।
तोमार दासेर दास हैते वाञ्छा करि ॥

● हमारे यहाँसे प्रकाशित प्रभुपाद श्रीहरिदास गोस्वामीकी जीवन-कथा ग्रंथमें "ग्रंथ प्रणयन और वैष्णव साहित्य सेवा" प्रकरणमें वर्णन आ चुका है कि किस प्रकार उनके द्वारा वैष्णव साहित्यकी रचना हुई । प्रस्तुत नाटककी रचना राजस्थानके पुष्कर तीर्थके निवास कालमें गौराब्द ४३४, बंगाब्द १३२६, शकाब्द १८४१, बिक्रमाब्द १९७५ में (आजसे ४५-४६ वर्ष पूर्व) हुई थी और उसी वर्ष माघकी पूर्णिमाके दिन इसका प्रकाशन भी हुआ था । मूल ग्रंथ बंग भाषामें गद्यकाव्यके रूपमें है । यह करुण-रसका एक अद्भुत ग्रन्थ है । इसमें प्रकाशित करुण-रसकी सरिताके प्रवाहका कुछ आभास मेदिनीपुरके श्रीआशुतोष सरकारके द्वारा ग्रन्थकारको दिये गये निम्न उपालम्भसे होता है :—

"हरि हरि ! यह क्या कर डाला ? सुना गया है अमेरिकामें एक प्रकारके हँसानेवाले गैस (laughing gas) का आविष्कार हुआ है जिसके सूँघनेसे लोग हँसते-हँसते लोट-पोट होने लगते हैं । प्रतीत होता है कि आपका श्रीश्रीविष्णुप्रिया नाटक रुदन करानेवाले गैस (weeping gas) के सदृश है । इसको जो भी पढ़ेगा वह रोये बिना नहीं रह सकेगा । इसके प्रति अक्षर और मात्रामें रुदन भरा पड़ा है । बड़े कष्टसे २३ पृष्ठ पर्यन्त पढ़ पाया, और नहीं पढ़ा गया । इन २३ पृष्ठोंमें २३००० अश्रुविन्दु पड़े होंगे । हृदय और पेटमें शोककी तीव्र वेदनाके कारण और क्या पढ़ा जा सकता है ? बाप रे बाप ! आप इतना रुलाना भी जानते हैं ? पूर्वमें ऐसा

अनुमान होता था कि मेरे भण्डारमें और अश्रुविन्दु नहीं रहे; कारण जो कुछ थे, वे सब स्त्री-पुत्रके लिये खर्च कर दिये गये थे। मन-ही-मन प्रतिज्ञा की थी कि यदि कभी रोना होगा तो जगन्माताके लिये ही रोऊँगा। लेकिन बताइये तो सही कि आपने मेरी प्रतिज्ञा भंग करवाकर मुझे इतना क्यों रुलाया?"
(श्री विष्णुप्रिया-गौराङ्ग पत्रिका, वर्ष ६, संख्या ११-१२, पृष्ठ ४३३-४३४)

● श्री कुसुमसरोवर निवासी निष्किञ्चन श्रीवैष्णवगणोंके प्रमुख श्रीगोपीदास बाबाजीने 'श्रीश्रीविष्णुप्रिया नाटक' पढ़कर श्रीहरिदास गोस्वामी प्रभुको लिखा था--

"विष्णुप्रिया नाटक पढ़कर यह समझमें आया कि यह मनुष्यके द्वारा लिखा हुआ नहीं है। श्रीविष्णुप्रियाजीकी विशिष्ट कृपाका आविर्भाव हुए बिना उनकी मनोवृतिका प्रकाश इस रूपमें कोई नहीं कर सकता। इसके प्रत्येक अक्षर नयन-जल द्वारा लिखे गये हैं। यहाँपर जो कोई भी इस अपूर्व ग्रन्थको पढ़ता है वही रो-रोकर व्याकुल हो जाता है। इस श्रीग्रन्थके द्वारा श्रीविष्णुप्रिया देवीकी विरह-ज्वालाकी स्फुल्लिगकणिकाका बाहर प्रकाश होता है। इससे जगत भष्मीभूत हो जायगा।

हम लोगोंकी बहुत दिनोंकी आशा पूर्ण होगी--ऐसा अब समझमें आ रहा है। हम लोगोंकी परमाराध्या वैष्णवजननी श्रीविष्णुप्रिया देवीके एकान्तानुगत एवं परम प्रियतम दासकी कृपादृष्टि जब हमारे ऊपर पड़ रही है तब भरोसा हुआ है कि श्रीप्रियाजीकी कृपादृष्टि भी हम लोगोंके ऊपर पड़ेगी--इसी आशासे धैर्य रखकर यहाँ पड़ा हुआ हूँ। हम लोग आपके दासानुदास हैं। आप आशीर्वाद करें और शक्तिसंचार करके हम लोगोंपर कृपा करें जिससे हम लोग श्रीरूप रघुनाथके साथ सुर मिलाकर इस श्रीश्रीराधाकुंज तटपर एवं श्रीगिरिराजपुलिनमें रहकर 'प्रसीद हे विष्णुप्रियेश गौर' बोलकर निष्कपटतासे चीत्कार करके रह सकें। जय गौर।"
(श्रीविष्णुप्रिया-गौरांग पत्रिका, वर्ष ६, अंक ६-७, पृष्ठ ७६-८०)

● कुछ वर्षों पूर्व इस ग्रन्थके अवलोकनका अवसर मिला था। तभीसे मनमें यह भगवत्प्रेरणा हुई कि हिन्दी भाषा-भाषियोंको भी इसका रसास्वादन कराया जाय। साधारण अनुवादसे इसके आस्वादनमें वैसी सरसता होनी कठिन है। जिस प्रकारका प्रवाह मूल ग्रन्थमें है उसको उसी रूपमें बिना विकृत होने दिये उसी शैलीके वर्णन द्वारा अनुवादमें सुरक्षित रखना अत्यन्त कठिन कार्य है। भगवत्-कृपासे एक सन्तकी प्रेरणासे उनके किसी प्रतिभाशाली एक भक्तने इस कार्यको हाथमें लिया तथा अन्य कार्योंकी भीड़ रहते हुए भी रात-बिरात अवकाश निकालकर इस कार्यको पूरा किया। अनुवादमें कहीं किसी भावकी विकृति न हो जाय इसकी रक्षाके लिए उन्हीं सन्तने एक-एक पंक्ति मूल और अनुवादको स्वयं सुनकर जहाँ कहीं भी भावमें कमी प्रतीत हुई उसको ठीक करा दिया। उसीके फलस्वरूप यह गद्यकाव्य-ग्रन्थ भक्तोंकी सेवामें उपस्थित किया जा रहा है। पूर्ण आशा है कि भावुक भक्तगणोंको ग्रन्थके रसास्वादनसे आनन्दकी अनुभूति होगी।

● इस ग्रंथमें ऐसे व्यक्तियोंके लिये जो बंग भाषाके जानकार तो हैं अथवा समझ सकते हैं लेकिन लिपि नहीं पढ़ सकते—मूल बंगलाका अंश भी देवनागरी लिपिमें दे दिया गया है। प्रत्येक पृष्ठका बाँया स्तम्भ (कालम) तो बंग भाषामें है और दाहिना स्तम्भ हिन्दी भाषामें। बंग भाषाकी प्रत्येक पंक्तिके सामने ही हिन्दी अनुवादकी पंक्ति रखी गयी है जिससे बंग भाषाको अच्छी प्रकार न समझनेवाले भी हिन्दी पढ़कर बंगला अंशके भावोंको हृदयंगम कर सकें। बंग भाषामें उच्चारण और लेखनमें कहीं-कहीं भिन्नता है। एक ही शब्द भिन्न प्रकारसे उच्चारण करनेपर भिन्न अर्थ रखता है जैसे बंग भाषाका "बल" 'बोलो' भी उच्चारण होता है और 'बल' भी। एक 'कहने' के अर्थमें है दूसरेका 'शारीरिक बल'के अर्थमें। इसका भाव आगे-पीछेके सम्बन्धित क्रमसे आसानीसे पता लग जायगा। एक बार थोड़ा अभ्यास हो जानेके पश्चात् प्रायः कठिनाई नहीं होती।

● श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीका जीवन-नाटक लौकिक दृष्टिसे दुःखान्त ही रहा है। लेकिन प्रणालीके अनुसार प्रभुपाद श्रीहरिदासजीने अपने इस नाटकमें करुण रसका तूफान उपस्थित करके भी अन्तमें वृष्टि आदि सिंचनकर इस तूफानको शान्त कर सुखान्त बना दिया है।

● उपरोक्त ग्रंथोंमेंसे "श्रीविष्णुप्रिया सहस्रनाम स्तोत्र", "श्रीविष्णुप्रिया विलाप-गीति" और "श्रीधाम वृन्दावनमें श्रीपाद मुरारि गुप्त प्रतिष्ठित श्रीश्रीनिताई-गौर-श्रीविग्रहकी अद्भुत लीला-कथा' का हिन्दी-अनुवाद हमारे यहाँसे प्रकाशित हो चुका है। "श्रीविष्णुप्रिया चरित" और "श्रीलक्ष्मीप्रिया चरित" का हिन्दी-अनुवाद भी मुद्रित हो रहा है। शीघ्र ही पाठकोंके सम्मुख प्रस्तुत किया जा सकेगा।

● हमारा तो प्रयास है कि उपर्युक्त अन्य ग्रन्थ भी हिन्दी भाषा-भाषियोंके सम्मुख शीघ्र ही उपस्थित किये जाँय। प्रभुकी कृपा हुई तभी यह सब संभव हो सकेगा। करने-करानेवाले तो वे ही हैं। हम तो कठपुतली हैं, जैसा चाहें वे नाच नचा लें।

● यथासाध्य सावधानी बरतनेपर भी मुद्रणमें भूलें रहनी सम्भव हैं। प्रस्तुत पुस्तक मोनो मशीनके महीन अक्षरोंमें कम्पोज होनेके कारण तथा तीव्र गतिकी स्वचालित मशीनोंमें मुद्रित होनेके कारण कुछ शब्दोंकी मात्रायें कहीं-कहीं प्रेसकी असावधानीके कारण टूट गयी हैं जिनकी जानकारी हमें फर्मे छप जानेके पश्चात् ही हो पायी है। दृष्टिमें पड़ जानेवाली अशुद्धियोंको हमने शुद्धिपत्रमें दे दिया है। विज्ञ पाठक, ऐसी अशुद्धियोंके लिये जो हमारी लाचारीके कारण बन पड़ी हैं, हमें क्षमा करनेकी कृपा करेंगे। पाठकवृन्द अशुद्धियोंको शुद्धि-पत्रसे (जो कि पुस्तकके शेषमें है) शुद्ध करके पढ़ेंगे, तो कहीं भ्रम होनेकी संभावना नहीं रहेगी। फिर भी हमारा आग्रह है कि कहीं कोई अशुद्धि पाठक महानुभावोंके ध्यानमें आवे तो हमारा ध्यान अवश्य आकर्षित करें ताकि अगले संस्करणमें उसे सुधारा जा सके।

रास पूर्णिमा, वि० सं० २०२१
गौराब्द ४७८, शकाब्द १८८६
बंगाब्द १३७१, सन् १९६४ ई०

वैष्णवदासानुदास
रामनिवास ढंढारिया

श्रीविष्णुप्रिया नाटकका संक्षेप
एवं
विषय-सूची

प्रथम अङ्क

● प्रथम गर्भाङ्क :—

● द्वितीय गर्भाङ्क :—

विषय पृष्ठ संख्या

तृतीय अङ्क

● **प्रथम गर्भाङ्क** :—

● **द्वितीय गर्भाङ्क** :—

● **तृतीय गर्भाङ्क** :—

चतुर्थ अङ्क

● प्रथम गर्भाङ्क :—

● द्वितीय गर्भाङ्क :—

पंचम अङ्क

● **प्रथम गर्भाङ्क :—**

विषय | पृष्ठ संख्या

षष्ट अङ्क

● प्रथम गर्भाङ्क :—

● द्वितीय गर्भाङ्क :—

—o—

मङ्गलाचरण

हे गौर-वक्ष-विलासिनी ! हे देवि ! हे विष्णुप्रिये !
कलिकालके इन प्राणियोंकी ओर माँ ! दृग फेरिये ।।
नित्य हाहाकारसे हो रहा अन्तःकरण कातर ।
दग्ध ज्वालामें त्रितापोंके कलेवर क्लेश-जर्जर ।।
मलिन मनकी भावनाएँ, हृदय प्रस्तर-सा कठिन अति ।
प्रेमका होगा उदय किस भाँति उसमें गौरके प्रति ।।
पतित-पावनकारिणी माँ ! मूर्ति तू करुणा विनिर्मित ।
कलि-कलुष-हारी तुम्हारे चरण दोनों राग-रञ्जित ।।
सिवा चरणोंके तुम्हारी नहीं कोई दूसरी गति ।
कृपाकर कलिजनोंको माँ ! दीजिये मंगलमयी मति ।।
सहज स्वाभाविक भजनके राजपथका कर प्रदर्शन ।
शुद्ध करदो हृदय संततिका न जिनके भक्तिका धन ।।
प्रेम-सौरभ नहीं कलिके प्राणियोंके हृदय भीतर ।
वे कुतर्की, प्रेम भक्ति-विहीन, भ्रमपट लोचनों पर ।।
कलिकालके प्राणी अधम तुमको नहीं पहचान कर ।
दुःख पारावारमें हैं डूबते रहते निरन्तर ।।
शान्तिकी तुम मूर्ति माता ! शांति-रस मन-कलश ढालो ।
जान कर संतानको निज अधम, चरणोंमें बसा लो ।।
दूर कर भ्रमका अँधेरा प्रेमभक्ति प्रदान कर दो ।
शक्ति-रूपिणि ! कृपा-प्रतिमे ! कृपा करके शक्ति भर दो ।।
गौरहरिके भजन-पथमें एक माँ ! तेरा सहारा ।
सकल-सुख-भंडार अम्बे ! बस चरण-चिन्तन तुम्हारा ।।
जननि ! कलिके जीव कातर उपरि करुणा-घटा बरसे ।
बिना तव पदके नहीं 'हरिदास'का नाता अपरसे ।।

●

।। श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया जयतः ।।

ग्रन्थकारकी विज्ञप्ति

●

श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीने जीवाधम ग्रन्थकारके केश पकड़कर अपना सुवृहत् चरितसुधा लीलाग्रन्थ लिखवाया। उसके बाद उनकी कृपा-प्रेरणासे "श्रीविष्णुप्रियामङ्गल" श्रीग्रन्थ लिखा गया। पुनः देवीने केश पकड़कर अपना "विलाप गीति" लिखवाया। अब श्रीविष्णुप्रिया नाटक क्यों? इस प्रश्नका उत्तर देनेकी क्षमता जीवाधम ग्रन्थकारमें नहीं है। कृपामय गौरभक्त पाठक-पाठिकावृन्द कृपापूर्वक सम्पूर्ण श्रीग्रन्थका पाठ करके--विचार करके इस प्रश्नके उत्तरका समाधान स्वयं कर लें।

"श्रीश्रीविष्णुप्रिया चरित" श्रीग्रन्थ ४२७ गौराब्दमें जब्बलपुरमें लिखा गया। "श्रीविष्णुप्रिया मङ्गल" श्रीग्रन्थ ४२६ गौराब्दमें मध्यभारत भोपालमें लिखा गया। "श्रीश्रीविष्णुप्रिया-विलाप-गीति" इसी साल वृन्दावन धाममें लिखा गया। "श्रीश्रीविष्णुप्रिया नाटक" राजपूताना-अजमेरमें लिखा गया। सुदूर देश अजमेरमें श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया सेवाका प्रचार हुआ। उसी सेवाके फलसे श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीने तुष्ट होकर केश पकड़कर कृपादेश दिया कि उनका नाटक लिखना होगा। कृपामयी गौरवक्षविलासिनी देवीका आदेश एक पक्षके भीतर प्रतिपालित हुआ। अब उनका और क्या आदेश होगा, पता नहीं।

अलमिति विस्तरेण।

राजपूताना-अजमेर,
माघी पूर्णिमा,
गौराब्द ४३४.।

श्रीश्रीविष्णुप्रियादासानुदास,
दीनहीन जीवाधम,
ग्रन्थकार

श्रीश्रीविष्णुप्रिया-वल्लभाय नमः

श्रीश्रीविष्णुप्रिया-वल्लभ-श्रीकरकमलेषु

ओहे विष्णुप्रिया-नाथ !	**अहो ! विष्णुप्रिया-नाथ !**
बड़ आशा क'रे,	बड़ी-बड़ी आशा बाँध,
राजपण्डित सनातनमिश्र महाशय,	राजपण्डित सनातनमिश्र महाशयने
सँपेछिलेन कन्या ताँर,	सौंपी थी कन्या निज,
तोमार करेते ।	तव पाणि-पङ्कजमें ।
बड़ आशा क'रे,	बड़ी-बड़ी आशा बाँध,
स्वामीहारा, पुत्रहारा	स्वामी-हीना, पुत्र-हीना,
दुःखिनी शची माता	दुःखिनी शची माँने
बेँधे छिलेन ताँर सुखेर संसार,	पुनः था बसाया संसार निज सुखका,
विवाह दिये तव	करके विवाह तव
श्रीविष्णुप्रिया सने ।	विष्णुप्रिया देवीसे ।
बड़ आशा क'रे,	बड़ी-बड़ी आशा बाँध,
सनातन-नन्दिनी देवी विष्णुप्रिया	सनातन-सुता विष्णुप्रिया देवीने
सँपेछिलेन काय-मन	अर्पण किया था काया-मन
तोमार चरणे ।	पावन तव चरणोंमें ।
बड़ आशा क'रे,	बड़ी-बड़ी आशा बाँध,
नदीयार भक्तवृन्द,—तव निजजन,	नदियाके भक्त-वृन्द, तुम्हारे स्वजनवृन्द,
ह'ये सर्व्वत्यागी,	करके सर्वस्व-त्याग,
ल'येछिलेन शरण	शरणागत हुए थे
चरणे तोमार ।	चरणोंमें तुम्हारे ।

उत्सर्ग-पत्र

भङ्ग क'रे सकलेर आशा
तुमि ह'ये गृहत्यागी
साजिले संन्यासी;
ज्वालिले विषमानल नवद्वीपपुरे।
स्नेहमयी जननीर
हृदयेर दुर्व्विसह ताप,
पतिप्राणा विष्णुप्रियार
प्राणघाती सकरुण आर्त्तनाद,
नदीयार भक्तवृन्देर
आर्त्तिपूर्ण विषम हाहाकार,
भीषण कालानल सम,
ज्वलितेछे निशिदिन,—
ज्वलिबेओ चिरदिन,—
करि भस्मीभूत अस्थि-चर्म्म-काय,
निज जनेर तव;
तार मध्ये एक जन
क्षुद्र ग्रन्थकार,—
दुखी, तापी, दुराचार, पुरीषेर कीट।
तार क्षुद्र हृदयेर
ज्वाला तीक्ष्ण—अतिशय
असह्य-अदम्य, ताहा;
ताइ उद्गारिल—ए अनलराशि।
काके दिब इहा ?
कार साध्य करे सह्य
एइ भीषण अनल ?
खुँजिलाम एके-एके
तव निज जने,
साधिलाम मने-मने
महाजनगणे;
केह ना लइल इहा,

चूरकर सभीकी आशा,
तुमने गृहत्यागी हो,
सज लिया संन्यास-वेश;
धधकाया विषमानल नवद्वीप-पुरीमें।
स्नेहमयी जननीके
हृदयका दुस्सह ताप,
पतिप्राणा विष्णुप्रियाका
प्राणघाती सकरुण आर्त्तनाद,
नदियाके भक्तोंका
आर्त्तिपूर्ण विषम हाहाकार,
भीषण कालानल सम,
जल रहा दिवस-निशि,—
जलेगा भी चिरदिन,—
भस्मीभूत करके अस्थि-चर्म-कायाको,
तुम्हारे निज जनोंके।
उन्हींमें एक जन
क्षुद्र ग्रन्थकार यह,—
दुःखी, तापी, दुराचारी, पुरीष-कीट,
उसके क्षुद्र हृदयकी,
तीक्ष्ण ज्वाला-अतिशय
असह्य, अदम्य वह;
अतः उगली यह अनल-राशि उसने।
किसको इसे दूं, भला ?
किसकी सामर्थ्य है, सहन करे
इस भीषण ज्वालाको ?
खोजा एक-एक कर
तुम्हारे निज जनोंमें;
तौला है मन-ही-मन
महाजन-गणोंको;
किसीने लिया न इसे

ताइ दिनु तव करे,——
अग्निर पञ्जर ।
लह, श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु !
लह उपहार !
अनलेर राशि इहा,
पुञ्जीकृत हृदयेर ताप इहा,
तुमि विना कार साध्य
करिते निर्व्वाण ?
दितेछे कत जने,——तव करे,
कत-कत प्रीति-उपहार ।
लिखेछिले मोर भाग्ये
दिते तव श्रीकर-कमले
एइ विषम अनल ।
ओहे विष्णुप्रिया-नाथ !
दुःख नाइ ताते मोर,
बड़ दुःख दियेछ तुमि,
सरला विष्णुप्रियार प्राणे ;
एबे तार कर फल भोग !
लइओ ना अपराध मोर ।

अतः दिया तव करमें,——
अनल-पञ्जर ।
लो, श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु !
ले लो उपहार !
अनल-राशि यह,
पुञ्जीभूत ताप यह हृदयका;
किसकी सामर्थ्य है तुम्हारे सिवा
कर सके शान्त इसे ?
देते हैं कितने जन,——तव करमें,
कितने-कितने प्रीति-उपहार ।
लिखा था मेरे भाग्यमें,
देना तुम्हारे श्रीकरकमलोंमें
यही विषमानल ।
अहो ! विष्णु-प्रिया-नाथ !
उसका मुझे दुःख नहीं;
दारुण दिया है दुःख तुमने जो,
सरला विष्णुप्रियाके प्राणोंको ;
अब उसका ही बस भोगो फल,
लाना मत मनमें अपराध मेरा ।

श्रीविष्णुप्रिया-विरह-दुःख-कातर
दीन ग्रन्थकार

पुरुषपात्र

श्रीगौराङ्ग (निमाई) ... नदियाके अवतार

गङ्गादास पण्डित ... श्रीगौराङ्गके शिक्षा-गुरु ।

गदाधर ... श्रीगौराङ्गके प्रिय भक्त ।

श्रीनित्यानन्द ... श्रीगौराङ्गके अभिन्न-कलेवर ।

श्रीवास पण्डित ... श्रीगौराङ्गके प्रिय भक्त ।

ईशान ... श्रीगौराङ्गके भृत्य ।

चन्द्रशेखर आचार्य ... श्रीगौराङ्गके मौसा ।

भक्तगण, छात्रगण, एवं नदियाके ब्राह्मण पण्डितगण ।

——o——

स्त्रीपात्र

शचीमाता ... श्रीगौराङ्गकी जननी ।

श्रीविष्णुप्रिया ... श्रीगौराङ्गकी गृहिणी ।

काञ्चना ... श्रीविष्णुप्रियाकी सखी ।

अमिता ... श्रीविष्णुप्रियाकी सखी ।

मालिनीदेवी ... श्रीवास पण्डितकी गृहिणी ।

सर्व्वजया ... चन्द्रशेखर आचार्यकी पत्नी,
शचीमाताकी बहिन ।

सखीगण, पड़ोसकी स्त्रियाँ ।

श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिये जयतः

श्रीविष्णुप्रिया नाटक

प्रथम अङ्क ।

(प्रथम गर्भाङ्क)

दृश्य—नवद्वीपे जगन्नाथ मिश्र पुरंदरेर गृह । श्रीकृष्ण-प्रेम-विह्वल श्रीगौराङ्ग धरासने आसीन ।
(शचीमातार प्रवेश)

शचीमाता—

केन बाप ! मलिन-वदन,
वसि धरासने काँदितेछ तुमि;
कि दुःख तोमार, चाँद ?
नयने केन हेरि अश्रुधार ?
सोनार अङ्ग धूलि माखा केन ?
आलू थालू चाँचर चिकुर-दाम
पड़ियाछे वदन उपर;
नतमुखे केन काँदितेछ बाप !
भिजेगेछे धरासन,
कर्द्दमाक्त वसनाग्र-भाग;
कि दुःख तोमार मने,
प्रकाशिये वल बाप !
प्राण काँदे मलिन वदन हेरि तव ।
अभागिनी आमि,
तोमा हेन पुत्रधन पेये,
भुलियाछि सव दुःख ।

दृश्य—नवद्वीपमें जगन्नाथ मिश्र पुरंदरका घर । श्रीकृष्ण-प्रेममें विह्वल श्रीगौराङ्ग पृथ्वीपर वैठे हुए ।
(शचीमाता का प्रवेश)

शचीमाता—

क्यों हे लाल ! मलिन-वदन,
बैठे धरापर करते तुम क्रन्दन;
क्या दुःख तुमको, मेरे चाँद ?
नयनोंमें देख रही किसलिये जलधार,
कञ्चन-सा तन सना धूलमें किसलिये ?
कुञ्चित कुन्तल-कलाप तव अस्त-व्यस्त हो
छाया मुख-मण्डलपर;
नतमुख हुए लाल ! क्रन्दन क्यों कर रहे ?
धरतीतल भीग गया,
कीच सना वसन-छोर;
कौन दुःख मनमें तुम्हारे बसा,
निरावरण कहो, लाल !
रोते हैं प्राण मेरे देख म्लान-वदन तव ।
मैं अभागिन,
तुम समान पुत्ररत्न पाकर,
भूली हुई थी सभी दुःख ।

विश्वरूप भाइ तव
वनवासे गेल,
सेइ शोके पिता तोर
पाशरिल देह;
बाछा रे ! सोनार निमाइ चाँद !
तोर मुख चेये आमि
भुलियाछि सर्व्व दुःख-शोक ।
तोमा हेन पुत्रधने पेये,
वैकुण्ठेर लक्ष्मीसमा पुत्रवधू पेये
ए वृद्ध वयसे आमि,
संसारे दियेछि मन ।
नयनेर तारा तुमि मोर,
अन्धेर यष्टि तुमि मोर,
पलके हाराले तोमा
दिशेहारा हइ,
अनाथिनी आमि, अभागिनी आमि,
तुमि मोर अञ्चलेर धन,
दुखिनीर जीवन-सम्बल,
आमार सोनार निमाइ चाँद !
केन काँद तुमि, बाप ?
बल, बल, कि दुःख तोमार ?
प्राण दिब तव दुःख
करिबारे दूर ।
उठ, बाप ! कोले एस,
सम्बर क्रन्दन !

(एइ बलिया शचीमाता पुत्रके क्रोडे तुलिया सस्नेहे मुख-चुम्बन करिलेन । तखन श्रीगौराङ्ग अति कष्टे जननीर मुखेर प्रति चाहिया विषाद भरे कहिलेन)

अग्रज तव, विश्वरूप
वनवासी हो गया ;
उसी शोकमें पिता तेरे
देहसे अतीत हुए ।
मेरे छौना ! सोनेके निमाई ! मेरे चाँद !
मैं देख तेरा मुख
भूल गई हूँ सर्व दुःख-शोक ।
तुम सम पा पुत्ररत्न,
वैकुण्ठकी लक्ष्मी-सी पाकरके पुत्रवधू
मैंने इस बुढ़ापेमें,
जगमें रमाया मन ।
तुम मेरे नयनोंके तारे,
अंधेकी लकड़ी-से, मेरे एक सहारे;
जो न पलकभर तुम्हें देखती,
सूझती दिशाएँ नहीं ।
अनाथिनी मैं, अभागिनी मैं,
तुम मेरे अञ्चलके धन,
दुखियाके जीवन-सम्बल,
कञ्चन-काय निमाई, मेरे चाँद !
क्यों तुम क्रन्दन करते, लाल !
कहो, कहो? क्या दुःख है तुमको ?
प्राणोंकी बलि दूंगी दुःख तव
दूर करने को ।
उठो, लाल ! गोदीमें आओ,
करो न क्रन्दन ।

(इस प्रकार कहकर शची माताने पुत्रको गोदमें उठा कर सस्नेह मुख- चुम्बन किया । तब श्रीगौराङ्ग अत्यन्त कष्टसे जननीके मुखकी ओर देखकर विषादमें भरे हुए बोले ।)

श्रीगौराङ्ग—

मागो ! सकलि त जान तुमि;
गया ह'ते एसे, किछु नाहि
भाल लागे मोर;
पेये धन हारायेछि आमि ।
कृष्ण मोर प्राणधन,
कृष्ण मोर जीवन,
कृष्ण मोर पिता, माता, गुरु;
दयामय सेइ कृष्ण दया क'रे
दिला देखा गयाधामे मोरे—
नवीन जलद श्याम,
द्विभुज मुरलीधर,
गोपवेश, वेणु करे,
त्रिभङ्ग बङ्किम ठामे,
दाड़ाइये कदम्बतले,
डाके मोरे निशि दिशि,
मधुर मुरली स्वरे ।
चोखेर उपरे मोर
कृष्णवर्ण एक शिशु नाचिया वेड़ाय ।
बाजाय मुरली मधु स्वरे
माझे-माझे ।
निरन्तर कर्णे शुनि आमि,
मधुर-मधुर सेइ मुरलीर ध्वनि,
मागो ! गृहे आर रइते नारे
मन ।
पेये धन हारा'लाम आमि;
केन एनु गृहे आमि,
गया धाम छाड़ि ?
जेखाने कृष्ण मोरे
दिला दरसन ।

श्रीगौराङ्ग—

माँ ! सभी कुछ हो जानती तुम;
गयासे लौटनेपर कुछ भी नहीं
भाता मुझे;
पाकर निधि हाथमें, खो दी है मैंने ।
कृष्ण मेरे प्राणधन,
कृष्ण मेरे जीवन,
कृष्ण मेरे पिता, माता, गुरुजन;
वे ही दयाधाम कृष्ण करुणा कर
दृग्गोचर हो गये मुझको गया धाममें—
नूतन जलदाभ श्याम,
द्विभुज मुरलीधर,
गोपवेश, करमें वंशी वर;
त्रिभङ्ग भङ्गिमासे ललित, बङ्किम
खड़ा हो कदम्बतले,
मुझको पुकारता अहर्निश,
मधुर मुरली-स्वरमें ।
आँखकी पुतलियोंमें मेरी
शिशु एक कृष्णवर्ण, रहता है नाचता;
फूँक देता मुरलीमें मधुर तान,
रह-रहकर ।
कानोंमें सुनता निरन्तर मैं,
मधुर-मधुर वही ध्वनि मुरलीकी,
मैया ! घरमें अब नहीं रह पाता
मन है ।
पाकर निधि हाथमें, खो दी है मैंने,
क्यों फिर लौट आया घर, मैं
छोड़कर गया धाम,
जहाँपर कृष्णने मुझको
दर्शन दिया ?

मागो ! तुमि कर आशीर्व्वाद,
पाइ जेन कृष्ण धने आमि ।
(विह्वल भावे अन्य दिके चाहिया)
कृष्ण रे ! बाप रे !
कोथा गेले तुमि ?
कोथा गेले देखा पाब तव ?
कृष्ण रे ! प्रभु रे ! मोर प्राणधन !
एक बार देखा दिये,
जुड़ाओ तापित हृदय मोर;
एक बार देखा दिये गयाधामे,
कोथाय लुकाले तुमि, नाथ !
अदर्शने प्राण गेल मोर ।
(शचीमातार प्रति चाहिया)
जाब आमि कृष्ण-अन्वेषणे,
मागो ! दाओ अनुमति ।
दूर-दूरान्तरे,—
पर्व्वत, गहन वने
सागरे वा मरूभू माझारे,
सर्व्वत्रे ढूंढ़िब आमि ।
हाराधने पेते,
प्राण यदि जाय, क्षति नाइ किछु;
कृष्ण बिने तुच्छ प्राण,
राखि किवा फल ?
मागो ! क्षमा कर ।
पुण्यवती तुमि,—
भक्तिमती तुमि,—तव पुण्यबले
कृष्णधने पाब आमि ।
आशीर्वाद कर मागो !
भाग्यहीन पुत्र तव,
जेन कृष्णधने पाइ ।

मैया री ! आशीर्वाद दे तू,
कृष्णरूपी धनको पाऊँ मैं जिससे ।
(विह्वल भावसे दूसरी ओर देखकर)
हे कृष्ण ! हे नाथ !
कहाँ तुम चले गये ?
कहाँ जाऊँ जहाँ तुम्हें देख पाऊँ ?
हे कृष्ण ! हे प्रभो ! हे मेरे प्राणधन !
एकबार दर्शन दे,
शीतल करो मेरे तप्त हृदयको;
एकबार झलक दिखाकर गयामें,
कहाँ छिपे, नाथ, तुम ?
दर्शन बिना प्राण मेरे बिदा हुए ।
(शचीमाता की ओर देखकर)
जाऊँगा मैं कृष्णकी खोजमें,
मैया री ! अनुमति दे ।
दूर देशमें, सुदूर देशमें——
पर्वत प्रदेशमें, गहन वनमें,
सागरमें अथवा मध्य मरुभूमिके
सर्वत्र मैं ढूँढूँगा ।
खोया धन पानेके प्रयासमें
प्राण यदि चले जायें, कुछ भी न क्षति है;
कृष्ण बिना तुच्छ प्राण
रखनेमें लाभ क्या ?
मैया री ! क्षमा कर ।
पुण्यवती तू है,
भक्तिमती तू है——तेरे पुण्यबलसे
कृष्णधन पाऊँगा मैं ।
मैया री ! दे आशीर्वाद,
भाग्यहीन पुत्र तव,
जिससे पाये कृष्णधन ।

गीत

(आमि) कृष्ण अन्वेषणे जाव
दाओ मा। विदाय।
(ऐ) कदम्ब तलाते बसि,
आड़े चेये हासि हासि,
आमार कृष्ण आमार तरे
वेणु वाजाय ॥
(से जे) वामे हेले वेणु करे,
डाकूछे मोरे मधु स्वरे,
आय रे नदिया चाँद
आय आय आय।
काल शशीर वंशी शुनि
रइते नारि घरे आमि
आमार कृष्ण अमाय डाके
दाओ मा। विदाय ॥

कृष्ण-खोजमें मैं जाऊँगा,
माँ। दे दान विदाका रे।
छिपकर बैठ कदम्ब सहारे,
हँस-हँस मेरी ओर निहारे,
मेरे लिये कन्हैया मेरा,
वंशी मधुर बजाता रे ॥
टेढ़े होकर मुरली धारे,
मीठे स्वरमें मुझे पुकारे,
आ जा रे नदियाका चंदा,
आ जा, आ जा, आ जा रे।
कृष्णचन्द्रकी वंशी सुनकर,
मुझसे रहा न जाता घरपर,
मेरा कृष्ण पुकारे मुझको,
माँ दे दान विदाका रे ॥

शचीमाता—

सोनार निमाइ चाँद !
वाप आमार ! वाछा आमार !
सम्वर रोदन,—स्थिर कर चित,
धैर्य्य धर वाप !
दयामय कृष्ण सर्व्वत्र विद्यमान,
गृहे वसि पावे
तुमि दरशन ताँर;
भाग्यवती आमि,
गर्भे धरि तोमा हेन पुत्रधने;
श्रीकृष्ण भजन कर वाप
गृहे रहि सस्त्रीक हइये;
पिता-पितामह तव,
मातामह आदि जत पूज्य गुरुजन,
छिलेन कृष्णभक्त सकलेइ;
गृहस्थ आश्रमे थाकि,
तारा सब लभियाछेन सद्‌गति।

शचीमाता—

सोनेके निमाई ! मेरे चाँद !
वत्स मेरे ! छौना मेरे !
रोओ मत, स्थिर करो चित्त,
धैर्य्य धरो तात !
दयामय कृष्ण सर्वत्र विद्यमान,
घरमें ही रहकर मिलेगा
तुम्हें दर्शन उनका।
भाग्यवती हुई मैं,
गर्भमें धारणकर तुम समान पुत्रधन;
श्रीकृष्ण-भजन करो तात !
घरमें ही रहकर पत्नी-सहित
पिता-पितामह तव,
मातामह आदि जितने भी पूज्य गुरुजन,—
थे सभी कृष्ण-भक्त।
गृहस्थाश्रममें ही रह,
उन सबने सद्‌गतिको प्राप्त किया।

उच्च वंशे जन्म तव,	जन्म उच्चकुलमें तुम्हारा हुआ,
भक्त-वंशधर तुमि,	भक्त-वंश-दीपक तुम,
श्रीकृष्ण-भजन तव वंशेर करम ।	श्रीकृष्ण-भजन ही कुलाचरण तुम्हारा है।
कभु नाहि बाधा दिब,	बाधा नहीं दूँगी कभी,
श्रीकृष्ण-भजने आमि ।	श्रीकृष्ण-भनमें मैं ।
तबे एकमात्र अनुरोध,	किंतु अनुरोध एकमात्र यह--
गृहे रहि भज कृष्ण	घरमें रह भजो श्रीकृष्णको
सस्त्रीक हइये;	पत्नी-सहित ।
वंशेर प्रदीप तुमि,	वंशके प्रदीप तुम,
कुलेर माणिक तुमि,	कुलके माणिक्य तुम,
उज्ज्वल कर बाप पितृ-मातृ-कुल;	पितृ-मातृ-कुलको उज्ज्वल करो, तात;
गृहे रहि श्रीकृष्ण-भजनानन्दे	घरमें रह कृष्ण-भजनानन्दसे
तुष्ट कर मन;	तुष्ट करो मनको;
जननीर राख अनुरोध ।	जननीका स्वीकार करो अनुरोध ।
(ऊर्ध्व दृष्टे कर जोड़े श्रीकृष्ण निकटे प्रार्थना)	(आकाशकी ओर देखते हुए कर जोड़-कर श्रीकृष्णसे प्रार्थना)
हे कृष्ण ! करुणासिंधु !	हे कृष्ण ! करुणा-सिन्धु !
स्वामी निले,	स्वामीको बुला लिया,
पुत्र वनवासे दिले,	सुतको वनवास दिया,
अवशिष्ट सबे मात्र आछे एक जन,	बचा केवल एक जन--
मोर प्राणेर निमाइ चाँद	मेरे प्राणोंका निमाई चाँद,
जीवन-सर्व्वस्व;	जीवन-सर्वस्व ।
बड़ अभागिनी आमि,	महा अभागिनी मैं
अनाथिनी मोर सम नाइ केह,	कोई नहीं मुझ-सी अनाथिनी है,
एइ पृथ्वीते;	इस वसुमतीपर ।
हे कृष्ण करुणासिन्धु !	हे कृष्ण ! करुणासिन्धु !
कर जोड़े मागि वर	हाथ जोड़ मागूँ वर,
तोमार चरणे,	चरणोंमें पड़ तुम्हारे--
सुस्थ चित्ते घरे राख	सुस्थिर-चित्त कर रक्खो घरमें
मोर विश्वम्भरे ।	मेरे विश्वम्भरको ।

किछु नाहि चाहि आमि,	कुछ भी नहीं चाहती मैं,
बिना एइ वर।	इस वरके अतिरिक्त।
हे कृष्ण ! हे दयामय !	हे कृष्ण ! हे दयामय !
करुणासागर !	करुणाके सागर हे !
दाओ हे सुमति प्रभु	प्रभु हे ! दो सुमति ऐसी
पुत्रधने मोर,	मेरे पुत्रधनको,
से गृहे रहि भजूक तोमारे।	जिससे वह घरमें रह भजन तुम्हारा करे।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
श्रीगौराङ्ग—(निज मने)	**श्रीगौराङ्ग**— (मन-ही-मन)
जानि ना, कि इच्छा कृष्णेर;	पता नहीं, चाहते क्या श्रीकृष्ण ;
दुखिनी जननी मोर,	दुःखकी मारी मेरी मैया,
पुत्र बिना किछु नाहि जाने,	पुत्रके सिवा कुछ नहीं जानती ;
प्राणसमा प्रियतमा पति बिना,	प्राणसमा प्रियतमा भी स्वामीको छोड़कर
किछु नाहि बूझे;	जानती न बूझती कुछ;
सुकठिन स्नेहेर बन्धन,	कितना कठिन स्नेह-बन्धन,
पतिप्राणा कामिनीर	पति-प्राणा कामिनीका
सुदृढ़ प्रणय-पाश,	सुदृढ़ प्रणयपाश;
केमने वा छिन्न करि,	कैसे उसे तोड़ूँ मैं ?
कि करि उपाय ?	कौन-सा उपाय करूँ ?
संसार-बन्धने आर,	सांसारिक बन्धन अब
मन नहीं माने;	मन मेरा करता स्वीकार नहीं।
कृष्णप्रेम, सब चेये बड़;	कृष्णप्रेम सबसे बड़ा
कृष्ण-प्रेम-बन्या-जले,	कृष्ण-प्रेमकी बाढ़में
पितृस्नेह, मातृस्नेह, भार्य्याप्रेम,	पितृ-स्नेह, मातृ-स्नेह, भार्य्या-प्रेम,
सब भेसे जाय;	हो जाते विलीन सभी,
संसार-सुख हय विषमय वोध;	विषमय प्रतीत होता है लौकिक-सुख ;
श्रीकृष्ण-भजन तरे	श्रीकृष्ण-भजन-पथमें,
प्रतिकूल संसार-बन्धन।	कण्टकसम बन्धन संसारके।
सर्व्वत्यागी हये कृष्ण ना भजिले	सर्व-त्यागी होकर, किये बिना कृष्ण-भजन
गोलोकेर निधि,—प्रेमधन,—	गोलोक-सम्पदा—प्रेम-निधि,—
प्राप्ति नाहि हय।	प्राप्त नहीं होती।

ह'ब गृहत्यागी श्रीकृष्णेर तरे,	भवन-त्याग करूँगा लिये श्रीकृष्णके–
ह'ब सर्व्वत्यागी,––जेइ जाहा बले ।	सर्व-त्याग करूँगा, कोई चाहे कहे कुछ ।
जगत-संसार, माता-परिवार,	जगत-संसार तथा, जननी परिवार तथा,
धन, जन, बन्धु––ऐहिक सम्पद,	धन-जन, भाई-बन्धु, सम्पदा यहाँकी सभी,
धर्म्म, कर्म्म, याग, यज्ञ, व्रत, आचरण–	धर्म-कर्म, याग-यज्ञ, व्रत-पालन,
सर्व्व त्यजि श्रीकृष्ण-भजने	परित्याग कर सबका, श्रीकृष्ण-भजनको
मन चाय;	ललकता है मन ।
कृष्णेर इच्छा इहा,	यही श्रीकृष्ण-इच्छा-
कि करिब आमि ?	फिर मैं क्या करूँगा ?
पूर्ण हउक इच्छा ताँर,	पूरी हो उनकी चाह,
इच्छामय तिनि;	वे ही हैं इच्छामय ;
ए संसारे आमि नट,	इस जगमें मैं हूँ नट,
तिनि सूत्रधार ।	वे हैं सूत्रधार ।
के आमि ?	वास्तवमें कौन मैं ?
कि सम्बन्ध कृष्ण सने मोर ?	कृष्णके साथ मेरा सचमुच सम्बन्ध क्या ?
माया वशे भूले गेछि;––	भूल गया माया-वश;
राक्षसी-पिशाची माया सर्व्वभावे	राक्षसी-पिशाची भव-मायाने पूर्णतया
ग्रासियाछे मोरे;	ग्रस लिया मुझको ;
साध करे परियाछि गले,	ललककर मैंने भी डाल ली गलेमें
माया-फाँस ।	मायाकी फाँसी ।
कृष्णदास आमि––	'मैं हूँ श्रीकृष्ण-सेवक'––
भूले गेछि एकेबारे ।	एकदम भूल गया;
कृष्ण भूलि हइयाछि	भूलकर कृष्णको बन गया
संसारेर दास ।	दास संसारका ।
गुरु-कृपा-बले,––बुझियाछि एवे––	गुरुकी कृपासे,––जान लिया अब है––
सार कथा,––सार तत्व,	सार कथा, सार तत्व––
सर्व्वत्यागी हये, कृष्ण ना भजिले	सर्वस्व त्यागकर कृष्ण-भजन किये बिना
प्राप्ति नाहि हय ।	होती नहीं प्राप्ति है ।
मोर सब एक दिके,––	मेरा सब एक ओर,
आर कृष्ण एक दिके,––	और कृष्ण एक ओर ।

सर्व्वत्यागी ह'ये	होकर सर्वत्यागी मैं
करिब श्रीकृष्ण-भजन;—	करूँगा श्रीकृष्ण-भजन—
ध्रुव ए संकल्प मोर;	यही मेरा दृढ़ निश्चय।
कृष्ण रे! प्रभु रे! बाप रे!	कृष्ण हे! प्रभु हे! तात हे!

हृदे मोर दाओ बल,	हृदयमें दो बल मेरे,
शक्ति दाओ मने,	मनमें दो शक्ति भर,
दुश्छेद्य संसार, बन्धन ह'ते,	दुश्छेद्य बन्धनसे जगके
अविलम्बे जेन मुक्त हइ।	जिससे अविलम्ब मुक्त हो जाऊँ।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)

—:०:—

प्रथम अङ्क ।

(द्वितीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गेर टोल वाड़ी ।	दृश्य—श्रीगौराङ्गकी पाठशाला ।
पड़ुयागण आसीन ।	विद्यार्थीगण बैठे हैं ।
(प्रेमोन्मत्त श्रीगौराङ्गेर प्रवेश, पूंथि राखिया पड़ुयागणेर उत्थान एवं श्रीगौराङ्गके अभिवादन)	(प्रेमोन्मत्त श्रीगौराङ्गका प्रवेश, पोथी रखकर विद्यार्थीगणका उठना और श्रीगौराङ्गका अभिवादन करना)
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
छात्रगण ! आज ह'ते	छात्रगण ! आजसे
पाठ बन्ध तोमादेर;	बंद तुमलोगोंका पठन-पाठन;
अनुरोध मोर—	मेरा यह आग्रह है—
भज कृष्ण, कह कृष्ण, लह कृष्ण-नाम ।	भजो कृष्ण, कहो कृष्ण, कृष्णनाम लो
हरि बलि पुथि बाँध,	कहकर 'हरि हरि' पुस्तकको बाँध दो,
उच्चकण्ठे बल "हरि बोल" ।	बोलो उच्च स्वरसें "हरि बोल, हरि बोल ।"
देख ! सूत्र-वृत्ति-टीका माझे,—लेखा	देखो! सूत्र, वृत्ति, टीका-सभीमें तो लिखा है
केवल हरिनाम;	केवल हरिनाम ;
अक्षरे-अक्षरे देख,	अक्षर-अक्षरमें देखो
विद्यमान श्रीकृष्ण स्वयं ।	विद्यमान श्रीकृष्ण स्वयं ।
सर्व्वकाल सत्य कृष्णनाम ।	सर्वकाल सत्य श्रीकृष्णनाम ।
अज-भव आदि सबे,	अज, भव आदि सभी—
कृष्णेर किंकर ।	किंकर कन्हैयाके ।
सर्व्व शास्त्रे सार कहे,	सार यही वर्णित सर्व शास्त्रोंमें—
कृष्णपद भक्ति धन;	कृष्ण-पद-पङ्कजमें भक्ति, ही धन है ।
ज्ञानी अध्यापक,—कृष्णेर मायाय	कृष्णकी मायासे ज्ञानी अध्यापक
मुग्ध सबे;	सभी मोहित हैं ;
ताइ तारा देय अन्य पाठ,	इसीसे पढ़ाते वे भिन्न वस्तु,
छाड़ि कृष्ण नाम, सूत्र-वृत्तिर	कृष्णनाम छोड़कर सूत्र और वृत्तियोंका

अन्य व्याख्या करे;
पड़ियाओ सर्व्व शास्त्र
दुर्गति तादेर;
ना बुझे शास्त्रेर मर्म,
गर्द्दभेर प्राय तारा
शास्त्र बहि मरे;
पड़िया-शुनिया लोक
गेल छारेखारे ।
हाहाकार घरे-घरे,
कारओ मने नाहि शान्ति,
वञ्चित हइल सबे, निजकर्मफले

कृष्णप्रेम महाधने ।
ब्रह्मादि देवतागण, कृष्ण नामे——
उन्मत्त, विह्वल;
छाड़ि हेन कृष्ण नाम,
करे लोके अन्य मन;
धन-कुल-विद्या-मदे
उन्मत्त ताहारा ;
कृष्णनाम——हरिनाम,——कि जे वस्तु,
तारा जानिबे केमने ?
छात्रगण ! तुमि सबे
वालक-स्वभाव;
सत्य वचन कहि, सुन मन दिया——
तोमरा भजिले कृष्ण ए बाल्य-वयसे,
बाल-भाषे अकपटे डाकिले ताँहारे;
दरशन दिबेन दयामय
श्रीकृष्ण आमार ;
वालबन्धु तिनि, बाल्यसखा तिनि,
भक्तवर प्रह्लाद ध्रुवेर कथा,

करते विपरीत अर्थ ।
सर्वशास्त्र पढ़कर भी
दुर्गति ही मिलती उन्हें;
समझ नहीं पाते हैं, शास्त्रके मर्मको
गर्दभ-समान वे
शास्त्रोंका बोझ लादे मरते हैं;
पढ़-लिखकर दुनिया यह
मिल गयी धूलमें ।
मच रहा घर-घरमें हाहाकार,
शान्ति नहीं मनमें किसीके भी ;
निज कुटिल कर्मोंके फलस्वरूप सभी
वञ्चित हुए
कृष्णप्रेमरूपी महान् सम्पत्तिसे ।
ब्रह्मादिक देवतागण, कृष्णनाम
ले-लेकर विह्वल, उन्मत्त बने;
ऐसा कृष्ण-नाम छोड़,
लोगोंका मन जाता अन्य ओर;
धन-कुल-विद्या-मदसे
हो रहे हैं पागल वे ।
वस्तु क्या है कृष्ण नाम, हरि नाम——
जानेंगे कैसे वे ?
छात्रगण ! तुम सबका
बालक-स्वभाव है;
कहता हूँ सत्य वचन, मन देकर सुनो उसे–
इस बाल्यकालमें ही कृष्ण-भजनसे तुम्हारे
बाल-भाषासे बिना कपट उन्हें पुकारनेपर
दर्शन देंगे दयालु
मेरे श्रीकृष्णचन्द्र;
वे हैं बाल-बन्धु, वे बाल-सखा,
भक्तवर प्रह्लाद तथा ध्रुवकी कथा,

तोमरा शुनियाछ सबे;
बालमति शिशुप्राण,
श्रीकृष्ण-भजनोपयोगी,
महाजन-वाक्य इहा, शास्त्रसम्मत ।

तुम सबने सुनी है ;
बाल-मति शिशु-जीवन,
श्रीकृष्ण-भजनोपयोगी--
महाजन-वाक्य यह है, शास्त्र-सम्मत ।

गीत

छेले कालइ हरिनामेर
अधिकारेर मूल,
मने रयना (तखन) विषय-बेड़ा,
(जड़े) बुद्धि थाके स्थूल ।
यूवा-वृद्धेर चिन्ता नाना ॥
(तादेर) शीघ्र जाय ना (सत्) पथे आना
मने रय विषयेर टाना,
तादेर स्वस्वरूप हय भूल ॥
कचि मन कोमल सहजे,
सरल मन सहजे मजे
बालक प्राणेर व्याकुल डाके
व्रजेर काल बँधु हय आकुल ।
छेले काले भजले हरि,
कृपा करेन वंशीधारि
आहा। से केमन सुशोभा,
(फोटे येन) चारा गाछे फूल ॥
(पडुयागणेर प्रति पुनराय चाहिया)

जमता हरि-नामाधिकारका
जड़ बचपनमें ही केवल।
तब न विषयका बन्धन मनमें,
होती भोली बुद्धि सरल ॥
युवा-वृद्धको चिन्ता नाना,
उन्हें कठिन सत्पथ पर लाना,
रहता मन विषयोंमें साना,
जाती स्मृति स्वरूपकी टल ॥
अपरिपक्व मन सहज सुकोमल,
सहज सरल मन जाता है ढल,
बालक-प्राणाकुल पुकार पर
हो उठता साँवलिया विह्वल ॥
बचपनमें हरिको भजनेपर,
करते कृपा मधुर - मुरलीधर ।
कैसी दिव्य अहा। वह शोभा,
क्षुपपर हो खिल उठा कुसुम-दल ॥
(पुनः विद्यार्थियोंकी ओर देखकर)

श्रीगौराङ्ग--
छात्रगण ! कि इच्छा तोमादेर--
बल प्रकाश करिये;
श्रीकृष्ण-भजने तुल्य अधिकार,
बाल-वृद्ध-युवार—नाहि कालाकाल,
ध्वंशशील मानव-जीवन,
कलि-जीवेर अल्प परमायु ।
अनित्य ये देह;
आज आछे—
काल ना थाकिते पारे ।

श्रीगौराङ्ग --
छात्रगण ! इच्छा क्या तुम्हारी है ?
कह डालो खोलकर ।
श्रीकृष्ण-भजनमें तुल्य अधिकार है
बाल, वृद्ध, युवाका--कालका विचार नहीं,
ध्वंसशील जीवन है मानवका
कलियुगके प्राणियोंकी होती अल्पायु परम।
देह यह अनित्य है
आज तो वर्तमान है—
कल रहे, न रहे ।

नाहि प्रयोजन मुहूर्त्त-विलम्बे,	वाञ्छित विलम्ब नहीं क्षण भरके भी लिये,
कह कृष्ण, भज कृष्ण, लह कृष्ण-नाम;	कहो कृष्ण, भजो कृष्ण, रटो कृष्ण-नाम;
अहर्निशि कर सबे	अहर्निश करो सभी
नाम-संकीर्त्तन ।	नाम-संकीर्तन ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।	हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।।	हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।।
प्रधान छात्र—	**प्रधान छात्र—**
गुरुदेव ! आपनि आमादेर पिता-माता,	गुरुदेव ! आप हमारे पिता-माता,
भाइ-बँधु, सकलि । आपनाके भिन्न	भाई-बन्धु, सभी कुछ हैं । आपके अति-
आमरा आर काहाकेओ जानि ना ।	रिक्त हम और किसीको नहीं जानते ।
आपनार आदेश आमादेर शिरोधार्य्य ।	आपका आदेश हमारे सिरमाथे ।
(एइ वलिया "हरिवोल" वलिया	(यों कहकर "हरिवोल" कहते हुए
छात्रगण पूंथिर डोर वाँधिल)	छात्रोंने पुस्तकोंके वस्ते बाँध लिये ।)
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
एस वाप ! कोले करि तोमादेर	आओ तात ! तुमको ले गोदमें
जुड़ाइ जीवन ।	शीतल करूँ जीवनको ।
हरि-नामे रति-मति	हरिनामके प्रति रति-मति
बहु भाग्ये हय;	होती बड़े भाग्यसे;
महाभाग्यवान तुमि सबे,	बड़े भाग्यशाली हो तुम सब,
कृष्णेर दयित;	कृष्णके प्यारे हो ;
एस, सबे मिलि करि	आओ, सब मिलकर करें
कृष्ण-नाम-संकीर्तन ।	कृष्ण-नाम-संकीर्तन ।
(खोल-करताल-योगे नृत्य ओ कीर्त्तन)	(खोल एवं करतालके साथ नृत्य और कीर्त्तन)
हरि हरये नमः कृष्ण यादवाय नमः ।	हरि हरये नमः कृष्ण यादवाय नमः ।
यादवाय माधवाय केशवाय नमः ।।	यादवाय माधवाय केशवाय नमः ।।
गोपाल गोविन्द राम श्रीमधुसूदन ।।	गोपाल गोविन्द राम श्रीमधुसूदन ।।
(गङ्गादास पण्डितेर प्रवेश)	(गङ्गादास पण्डितका प्रवेश)
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
करि प्रणिपात चरणे तोमार, गुरुदेव !	गुरुदेव! चरणोंमें आपके करता प्रणाम हूँ ।
गङ्गादास—	**गङ्गादास—**
विश्वम्भर ! करि आशीर्व्वाद,—	विश्वम्भर ! आशीर्वाद देता हूँ—

चिरजीवि रह,	होओ चिरजीवी,
विद्यालाभ हउक तोमार ।	विद्यालाभ तुमको हो ।
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
आचार्य्य ! कर आशीर्व्वाद मोरे,	दीजिये, आचार्य! मुझे ऐसा आसीस आप!
कृष्ण-पाद-पद्मे जेन रति-मति रहे ।	कृष्ण-पद-पद्मोमें जिससे रति-मति रहे ।
इहा भिन्न अन्य आशीर्व्वाद	इसके सिवा अन्य आशीर्वाद
नाहि चाहि आमि, गुरुदेव !	मैं नहीं चाहता हूँ, गुरुदेव !
विद्यालाभे बाड़े अभिमान,	विद्यालाभ होनेसे बढ़ता है अभिमान,
श्रीकृष्ण-भजने मति नाहि हय;	श्रीकृष्ण-भजनमें होती नहीं मति है;
हेन विद्याधने किवा लाभ, बल ?	ऐसे विद्यालाभसे, कहिये भला, लाभ क्या?
गङ्गादास—	**गङ्गादास—**
ताइ हबे, बाप विश्वम्भर !	तथास्तु । तात ! विश्वम्भर !
एकटि कथा बलिते एसेछि आमि,	आया हूँ कहने मैं एक बात,
शुन मन दिया :	सुनो लगा मनको :
ब्राह्मणेर अध्ययन-अध्यापना	विप्र-जातिके लिये पढ़ना-पढ़ाना
नहे अल्प भाग्य;	नहीं अल्पभाग्य-विषय ।
मातामह तव चक्रवर्त्ती नीलाम्बर,	नीलाम्बर चक्रवर्ती नाना तुम्हारे,
जगन्नाथ मिश्र पुरंदर पिता तव,	पिता तुम्हारे पुरंदर जगन्नाथ मिश्र,
उभये पण्डित, उभयेइ भक्तराज,	दोनों ही पण्डित थे, दोनों ही भक्तराज,
सर्व्व लोके जाने ।	सभी लोग जानते हैं ।
तुमिओ परम योग्य वंशधर,	तुम भी हो उनके परम योग्य वंशधर,
विद्याधने धनी ।	विद्याविभवके धनी ।
उपदेश मोर—	उपदेश मेरा यह—
अध्ययन-अध्यापना ना छाड़िओ, बाप !	पढ़ना-पढ़ाना तात ! त्यागना न तुम;
तव पिता, पितामह, मातामह आदि	तव पिता, पितामह, मातामह आदि
छिलेन अध्यापक-शिरोमणि;	अध्यापक-शिरोमणि थे;
भक्ति-धर्म्मे ताँहादेर छिल ना कि रति ?	क्या न भक्ति-धर्ममें उनकी अनुरक्ति थी ?
बुद्धिमान तुमि, ज्ञानवान तुमि—	तुम हो बुद्धिमान्, ज्ञानवान् तुम हो—
इहा बुझि, कर अध्ययन आर अध्यापना ।	ऐसा विचार कर पढ़ो-पढ़ाओ तुम ।

एइ सब छात्रमण्डली	सारी छात्र-मण्डली यह
तोमा गतप्राण;	तुमम गतप्राणा है ।
दूर-दूरान्तर ह'ते, छाड़ि पिता-माता,	दूर-दूरान्तरसे, त्याग पिता-माताको,
छाड़ि गृहवास, एइ नवीन वयसे	घर-बार छोड़, इस छोटी अवस्थामें
आसियाछे तव काछे करिते पठन ।	पढ़नेको आये हैं तुम्हारे पास ।
शिक्षा दाओ कृष्णभक्ति इहादेर,	शिक्षा दो इन्हें कृष्ण-भक्तिकी,
आर कर अध्यापना;	और अध्यापन करो;
तुमि ओ बालक एबे,	तुम भी हो बालक अभी,
कर अध्ययन, बाप विश्वम्भर !	अध्ययन करो, तात विश्वम्भर हे !
एइ मोर अनुरोध ।	मेरा अनुरोध यही ।
श्रीगौराङ्ग--	**श्रीगौराङ्ग--**
आचार्य्य ! गुरुदेव !	आचार्य ! गुरुदेव !
श्रीचरण-प्रसादे तव, एइ नवद्वीपे	कृपासे आपके श्रीचरणोंकी, इस नवद्वीपमें
के पारे जिनिते मोरे विद्या-युद्धे ?	कौन जीत सकता मुझे विद्याके युद्धमें ?
विद्याबले बलीयान आमि	विद्याके बलसे बना बलशाली मैं
तव कृपा-बले;	आपकी कृपासे ।
किंतु नाइ भक्ति-बल मोर;	भक्ति-बल किंतु नहीं मुझमें है ।
विद्यार गौरवे ह'ये अभिमानी,	विद्याके गौरवसे भरा अभिमानमें
बेड़ाइ सगर्व्वे एइ नदीया नगरे ।	घूमता सगर्व हूँ नदिया नगरमें इस ।
कारओ नाहि ग्राह्य करि,	मानता किसीको नहीं;
सूत्र-वृत्ति-टीका जत,	सूत्र-वृत्ति-टीकाएँ जितनी भी,
विद्याबले नियत खण्डन-मण्डन करि ।	विद्याबलसे सदैव करता हूँ खण्डन-मण्डन
कार साध्य नवद्वीपे जिनिबे आमारे ?	किसके वशमें है मुझे जीतना नवद्वीपमें ?
शुष्क तर्क ओ विचार ल'ये	शुष्क तर्क एवं विचार-विनिमय द्वारा
करि वृथा वाक्य-व्यय निशि-दिन ।	करता हूँ अहर्निश वाणीका व्यर्थ व्यय ।
गुरुदेव ! आर नाहि भाल लागे इहा ।	गुरुदेव ! अब नहीं अच्छा यह लगता है ।
संसारे आसिया कृष्ण ना भजिनु,	आकर संसारमें भजा नहीं कृष्णको,
ना लइनु सर्व्वविघ्नहारी कृष्ण-नाम;	न तो लिया सर्व-विघ्नहारी श्रीकृष्ण-नाम;
विद्यार गौरवे, शुष्क विचार ओ तर्के,	विद्याके गौरवमें, शुष्क विचारों तथा तर्कोंसे
हृदि मन हइल कठिन ।	हृदय और मन कठोर हो गये हैं ।

कठिन हृदयासने बल देव ! बल, बल—
व्यथाहारी श्रीकृष्णधनेर,
कोमल चरणस्पर्श हइबे केमने ?
व्यथा जे लागिबे—
ताँर कोमल पद-कोकनदे ।
तिनि बसिबेन केन कठिन हृदयासने ?
रसिक-शेखर कृष्ण रसेर आकर;
निरस हृदये ताँर नाहि हय अधिष्ठान ।
(ऊर्ध्वे चाहिया)
हे कृष्ण करुणासिन्धु !
आमार कि ह'बे उपाय ?
विद्या-अभिमान दिये,
सरस हृदय मोर करिले कठिन;
एवे मनागुने ज्वले
पुड़े मरि ।
कृपा कर, कृपानिधि !
अभिमान-शून्य ह'ये,
तव पदे जेन करि हे आश्रय ।
(गङ्गादास पण्डितेर प्रति चाहिया कर जोड़े)
गुरुदेव ! तव पदे मिनति आमार—
आर ना बलिओ तुमि
भक्तिशून्य विद्याधन अर्ज्जिते आमाय,
वृथा ओ शुष्क तर्क-विचार-गर्त्ते
डूबिते आबार ।
तव पदे एइ मोर शेष निवेदन ।

कठिन हृदयासनपर कहो देव! कहो,कहो—
व्यथाहारी प्रियतम श्रीकृष्णका
कोमल चरणस्पर्श किस प्रकार होगा ?
व्यथा जो होगी—
उनके सुकोमल पद-कोकनदको ।
कैसे वे बैठेंगे कठिन हृदयासनपर ?
कृष्ण, रसिक-शेखर वे, रसके निधान हैं;
नीरस हृदयमें नहीं उनका होगा निवास
(ऊपर देखकर)
हे कृष्ण ! कृपासिन्धो !
मेरा क्या उपाय होगा ?
विद्या-अभिमान दे,
सरस हृदय मेरा कठिन बना दिया;
अब तो मनस्ताप-ज्वालामें
जलकर प्राण विदा ले रहे ।
कृपा करो, कृपा-निधि !
होकर अभिमान-रहित
जिससे तुम्हारे चरणोंमें ले सकूँ आश्रय हे !
(गङ्गादास पण्डितकी ओर देखकर तथा हाथ जोड़कर)
गुरुदेव! चरणोंमें आपके विनती है मेरी,—
अब नहीं कहियेगा आप
भक्ति-शून्य विद्याधन अर्जन करनेको मुझे
व्यर्थके तथा शुष्क तर्क-विचारोंके गर्तमें
पुनः डूबनेके लिये ।
आपके चरणोंमें मेरा यही अन्तिम निवेदन है।

गीत

कृष्ण हे । प्रभु हे ।
हृदय - मन्दिरे मोर
उदय हओ हे ।

कृष्ण हे । प्रभो हे ।
मेरे हृदय-गगन में होकर
उदित चन्द्रसम आओ ।

उषर हृदि मोर	मेरे ऊसर हृदय-स्थलमें
सरस कर हे ॥	बरस उसे सरसाओ ॥
हृदय-मन्दिरे बस,	हृदय-भवनमें बैठो आकर,
विथरिये प्रेम-रस;	प्रेम-सुधासे उसको दो भर;
कठिन प्राण मोर	कुलिश समान कठिन प्राणोंको
कोमल कर हे ।	मेरे मृदुल बनाओ ।
अभिमाने भरा हृदि	अभिमान-भरा मम अन्तस्तल,
(तुमि) कोमल कर यदि,	तुम इसे बना दो यदि कोमल,
तबे आसि हृदि माझे	तब हृदय-वेदिकापर मेरे
नृत्य कर हे ।	तुम आकर रास रचाओ ।
तापित प्राण मोर	संतप्त त्रितापोंसेमेरे
शीतल कर हे ॥	प्राणोंको तुरत जुड़ाओ ॥
गङ्गादास—	**गङ्गादास—**
बाप विश्वम्भर ! निमाइ !	तात विश्वम्भर ! निमाई !
के तुमि ? बूझिते ना पारि ।	कौन तुम ? समझ मैं पाता नहीं ।
तव मुखे श्रीकृष्ण कहेन कथा,	मुखसे तुम्हारे श्रीकृष्ण ही बोलते हैं,
हेन मने लय;	मनमें यही जँचता है;
अथवा तुमिइ सेइ कृष्णधन !	अथवा तुम्हीं हो वे प्यारे श्रीकृष्ण !
किछु बूझिते ना पारि ।	कुछ भी समझ पाती नहीं ।
बड़ सुख पाइलाम आजि	महासुख आज मैंने पाया है
तव मुखे उच्च भक्ति-तत्त्वेर	मुखसे तुम्हारे उच्चभक्ति-तत्त्वका
शुनिया व्याख्यान;	व्याख्यान सुनकर;
प्रकृत भक्तिर पथ,	वास्तविक भक्ति-पथ,
प्रकृत भजन-पन्था,	वास्तविक भजन-मार्ग,
तुमि मोरे देखाइले आजि,	तुमने दिखाया है मुझे आज,
बाप विश्वम्भर !	वत्स विश्वम्भर !
तुमि मोर गुरु,	तुम्हीं मेरे गुरु,
तुमि पथप्रदर्शक;	तुम्हीं पथ-प्रदर्शक हो;
नाहि आमि तव गुरु एइ काजे ।	नहीं मैं तुम्हारा गुरु इस कार्यमें ।
भक्ति-शिक्षा दिये तुमि	भक्तिकी शिक्षा प्रदानकर तुमने
कृतार्थ करिले मोरे ।	कर दिया कृतार्थ मुझे ।
तोमा ह'ते एइ उच्चभक्ति-तत्त्व	द्वारा तुम्हारे इस उच्चभक्ति-तत्त्वका

हइबे प्रचार पृथिवीते;
भक्ति-रसे डूबिबे जगत,
हरिनामे भरिबे भुवन,
कृष्णनामे तारिबे संसार ।
चिरजीवि होग्रो, ग्राशीर्व्वाद करि;
सुखे कर बाप ! श्रीकृष्ण-भजन ।

होगा प्रचार पृथ्वीतलपर;
भक्ति-रस-सिन्धुमें डूबेगा संसार,
भुवन हो उठेगा व्याप्त हरिनामसे,
तारोगे विश्वको तुम कृष्णनामसे ।
चिरजीवी होग्रो तुम, देता हूँ ग्राशीर्वाद;
सुखसे करो तात ! भजन श्रीकृष्णका ।

श्रीगौराङ्ग—
गुरुदेव ! प्रणिपात तव पदे
कोटि-कोटि मोर;
शिरे धरि तव ग्राशीर्व्वाद
सफल हइब ग्रामि श्रीकृष्ण-भजने ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।
(उभयेर प्रस्थान)

श्रीगौराङ्ग—
गुरुदेव ! प्रणाम तव चरणोंमें
कोटि-कोटि मेरा है;
सिरपर धरकर तुम्हारा ग्राशीर्वाद
सफल मैं हूँगा श्रीकृष्ण-भजनमें ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।।
(दोनोंका प्रस्थान)

प्रथम अङ्क

(तृतीय गर्भाङ्क)

दृश्य : श्रीगौराङ्गेर अन्तःपुरे शयन-कक्ष । श्रीगौराङ्ग धरासने आसीन— विनत वदन नयने प्रेमधारा । (श्रीविष्णुप्रिया देवीर प्रवेश ।)	दृश्य—श्रीगौराङ्गके अन्तःपुरका शयन-कक्ष । श्रीगौराङ्ग पृथ्वीपर बैठे हुए हैं, मुख नीचे झुका हुआ है, नयनोंसे प्रेमाश्रु झर रहे हैं । (श्रीविष्णुप्रिया देवीका प्रवेश ।)
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
केन नाथ ! विनत आनने,	किसलिये नाथ ! विनत-वदन,
भूमितले बसि करिछ रोदन, ?	पृथ्वीपर बैठकर करते हैं अश्रुपात, ?
शुनि मध्ये-मध्ये,	सुनती हूँ बीच-बीचमें तथा,
हा हुताश-ध्वनि,—	आर्त्तध्वनि ऐसी यथा लगी हो विकट आग;
दीर्घश्वास पड़े घने घन ।	दीर्घ निःश्वास निकलते हैं अधिकाधिक ।
तुमि नाथ ! राजराजेश्वर,	तुम नाथ ! राजराजेश्वर हो,
चरणेर दासी तव, राजराजेश्वरी;	चरणोंकी दासी मैं राजराजेश्वरी;
कि दुःखे काँदिछ, बल ?	कर रहे क्रन्दन किस दुःखसे, बताओ तो ।
केह कि दियेछे मने व्यथा ?	किसीने क्या मनको दुखाया है ?
खुले बल, हृदयेश !	स्पष्ट कहो, हृदयेश !
विरस वदन तव हेरिते ना पारि;	देख नहीं सकती हूँ विरस तुम्हारा मुख;
नयने सलिल हेरि,	नयनोंमें देखकर सलिल-विन्दु,
विदरे पराणि,—	प्राण होते विदीर्ण,
दीर्घश्वास शेल सम	दीर्घ निःश्वास करते सेल सम
बाजे बुके ।	छातीपर आघात ।
बल, बल, प्राणनाथ !	बोलो, बोलो, प्राणनाथ !
कि दुःख तोमार ?	दुःख क्या तुमको है ?
पतिप्राणा रमणीर, पति-दुख विना,	पतिप्राणा रमणीको, पति-दुःखके सिवा,

अन्य दुःख आर किछु नाइ;	अन्य दुःख और नहीं कुछ भी;
पति-सुखे सर्व्व सुख,	पतिके ही सुखमें सर्वसुख,
पति-दुःखे जगत आँधार ।	पतिके दुःखमें जगत् अन्धकारमय ।
चरणेर दासी आमि तव,	चरणोंकी दासी मैं तुम्हारी हूँ,
प्राण दिये तव दुःख करिब मोचन;	प्राणोंकी भेंट दे दुःख तब मिटा दूँगी,
बल, बल, प्राणनाथ !	बोलो, बोलो, प्राणनाथ !
कि दुःख तोमार ?	दुःख क्या तुमको है ?
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
(विनत वदने, आपन मने)	(नीचे मुख किये, स्वगत)
कृष्ण रे ! बाप रे !	हे कृष्ण ! हे तात !
कोथा गेले पाब दरशन;	जानेपर पाऊँगा दर्शन कहाँ ?
तव अदर्शने प्राण जाय मोर,	प्राण मेरे जा रहे हैं बिना तुम्हें देखे,
देखा दिये बाँचाओ जीवने ।	देकर दर्शन बचाओ मम जीवनको ।
चोखेर ऊपरे मोर,	आँखोंके ऊपर मम
तव रूप अपरूप भासे निरन्तर;	अद्भुत तुम्हारा रूप नाचता रहता सदा;
वृन्दाविपिन माझे,	वृन्दाविपिन मध्य,
कदम्बेर मूले हेरि,	देखता कदम्ब तले,
त्रिभङ्ग-बङ्किम ठामे,	मुद्रा त्रिभङ्गी ललित,
मोहन मुरली करे,	मोहनी मुरलिकाको करमें लिये,
दाँड़ाये आछ तुमि गोप-शिशुरूप ।	खड़े हुए तुम हो गोप-शिशुरूप धरे ।
धरि धरि करि आमि,	बार-बार करता प्रयास मैं पकड़नेका,
धरिते ना पारि तोमा;	तुम्हें पकड़ पाता नहीं;
दुइ बाहु प्रसारिये वृथाय दौड़ाइ,—	फैला युग बाहोंको दौड़ता वृथा ही हूँ,—
श्यामसुन्दर हे !	श्यामसुन्दर हे !
यशोदा-नन्दन हे !	यशोदा-नन्दन हे !
एक बार देखा दिये पराण जुड़ाओ;	एकबार दर्शन दे प्राणोंको शीतल करो;
देखा यदि ना पाइ तव	प्राप्त नहीं करूँगा दर्शन तुम्हारा यदि
राखिब ना ए जीवन ।	रखूँगा नहीं इस जीवनको ।
तोमा बिना सब शून्य, सकलि आँधार ।	बिना तुम्हारे सब सूना, सब तिमिर-ग्रस्त ।
तुमि पिता, तुमि माता,	तुम्हीं पिता, तुम्हीं माता,

तुमि भार्य्या,—तुमि बन्धु,—	तुम्हीं भार्य्या, तुम्हीं बन्धु,
तुमि मोर जीवन-सम्बल ।	मम जीवन-सम्बल तुम्हीं ।
हे कृष्ण करुणासिन्धु !	हे कृष्ण करुणासिन्धु !
दया करे देखा दाओ एक बार;	दया कर दर्शन दो एक बार;
आर ना सहिते पारि विरह-वेदना ।	और सह सकता नहीं वेदना विरहकी ।
कोथा गेले देखा पाब तोमा,	पाऊँगा दर्शन तुम्हारा कहाँ जानेपर—
के वा बले दिबे मोरे;	कौन मुझे देगा बता;
केइ वा आछे हेन बन्धु,	आह ! कौन बन्धु ऐसा है,
ए संसारे मोर ?	मेरा इस संसारमें ?
(भूमि-लुण्ठित हइया क्रन्दन)	(पृथ्वीपर लोटकर क्रन्दन करना)
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
ए कि ? बाह्यज्ञान शून्य ह'ये	यह क्या ? बाह्यज्ञान-शून्य हुए
कि जे बलेन,—किछु नाहि बुझि;	बोलते हैं क्या-क्या, कुछ भी समझती नहीं?
आमि जे दाँड़ा'ये काछे,	मैं जो खड़ी पासमें,—
से ज्ञान ओ नाइ ताँर ।	इसका भी ज्ञान नहीं इनको है ।
कि करि ? कि क'रे बुझाइ एबे ?	क्या करूँ ? कैसे समझाऊँ अब ?
आमि त बालिका, अधमा स्त्रीजाति;	मैं तो बस बालिका, अधमा स्त्रीजाति;
कृष्णप्रेम—कृष्ण-विरह-तत्व,	कृष्णप्रेम, कृष्ण-विरह-तत्त्व
कि बुझिब आमि ?	समझूँगी क्या मैं ?
मन-व्यथा इँहार,	मनोव्यथा इनकी,
बुझिबार शक्ति नाइ मोर;	समझनेकी शक्ति नहीं मुझमें है;
स्वतन्त्र पुरुष इनि,	ये हैं स्वतन्त्र पुरुष,
आमि अबोधिनी नारी ।	नारी अबोधिनी मैं ।
कृष्णप्रेमे विह्वल,—पागल इनि;	कृष्णप्रेममें विह्वल,—पागल हैं ये;
बुझितेछि,—अन्य कथा	समझती हूँ,—अन्य बात
नाहि जावे काने एखन इँहार ।	नहीं इनके कानोंमें जायेगी इस समय ।
कृष्ण-कथा कहि,	कहकर कृष्ण-कथा,
श्रीकृष्ण-विरह-ज्वाला निवारिते हबे ।	कृष्ण-विरह-ज्वालाको होगा बुझाना ।
किंतु,—आमि जानि ना जे,—	किंतु, मैं तो नहीं जानती हूँ
कृष्णकथा रसमयी वाणी;	कृष्ण-कथारूपी रसमयी वाणी ।

कृष्णनाम शुनियाछि, इँहारइ वदने,
'हरेकृष्ण' नामे मधु क्षरे
बुझियाछि इहारि कृपाय ।
'हरेकृष्ण' नामे सर्व्वापद हरे,
सर्व्व विघ्न जाय दूरे,
शुनियाछि साधु-मुखे इहा ।
एइ विपद-समये,
एक बार श्रीहरि-स्मरण करि,
'हरेकृष्ण' बलि डेके देखि,
यदि ताते इँहार हय बाह्यज्ञान;

(श्रीविष्णुप्रिया देवीर श्रीगौराङ्गेर भूमि-लुण्ठित देहे धीरे-धीरे हस्त प्रदान, ताँहार कर्णविवरे 'हरेकृष्ण' नाम तिनवार दान, ताँहार बाह्यज्ञान-प्राप्ति)

श्रीगौराङ्ग--

(धीरे-धीरे उठिया बसिया)

के तुमि ? विष्णुप्रिये ?
आहा कि मधुर नाम,
शुनाइले आजि मोरे तुमि;
पिपासित कर्ण मोर करिले शीतल !
तव मुखे 'हरेकृष्ण' नाम शुनि
जुड़ाइल मन-प्राण मोर;
भाग्यवती तुमि,—भक्तिमती तुमि
नामरूपी कृष्णचन्द्र विराजेन
तोमार जिह्वाय;
जिह्वा तव कृष्ण-नाम-गाने रत;
तुमि कृष्णदासी;
कृष्णदास ह'ते,
बड़ वाञ्छा हइयाछे मोर;
बल बिष्णुप्रिये ! बल, बल—

कृष्ण-नाम सुना है, इन्हींके मुखसे,
'हरे कृष्ण' नामसे मधु झरता है--
जान पायी हूँ इन्हींकी कृपासे ।
हरता है विपदा सब 'हरेकृष्ण' नाम
होते सब विघ्न दूर—
सुना है साधुओंके मुखसे यह ।
इस विपत्-कालमें
एक बार श्रीहरिका स्मरणकर--
'हरे कृष्ण' बोल--पुकारकर देखूँ तो,
इससे लौट आता है बाह्य-ज्ञान इनका क्या!

(श्रीविष्णुप्रिया देवीका श्रीगौराङ्गके भूमि-लुण्ठित तनपर धीरेसे हाथ रखना, उनके कर्ण-कुहरोंमें 'हरेकृष्ण' नामका तीन बार उच्चारण करना और उनको बाह्य-ज्ञानकी प्राप्ति ।)

श्रीगौराङ्ग--

(धीरे-धीरे उठते हुए बैठकर)

कौन तुम ? विष्णुप्रिया ?
अहा ! कैसा मधुर नाम,
सुनाया आज तुमने मुझे;
प्यासे मम कानोंको शीतल कर दिया !
मुखसे तुम्हारे 'हरेकृष्ण' नाम सुन
शीतल हुआ मेरा प्राण, मेरा मन;
भाग्यवती तुम हो, भक्तिमती तुम,
नामके रूपमें विराजते श्रीकृष्णचन्द्र
जिह्वा तुम्हारी पर ।
कृष्ण-नाम-गान-रत जिह्वा तुम्हारी है;
तुम कृष्णदासी हो;
कृष्णदास बननेकी
लालसा प्रबल मुझमें जगी है ।
बोलो, विष्णुप्रिये ! बोलो, बोलो—

बाञ्छा मोर हबे कि पूरण ?	लालसा मेरी होगी क्या पूर्ण ?
बाञ्छा-कल्पतरु कृष्ण,	वाञ्छा-कल्पद्रुम कृष्ण—
सर्व्वलोके बले,—सर्व्व शास्त्रे कय,	सभी लोग कहते, बताते सब शास्त्र हैं।
विष्णुप्रिये ! कृष्ण-कृपापात्री तुमि,	विष्णुप्रिये ! कृष्ण-कृपा-पात्री तुम,
कृष्णप्रिया तुमि,—बल, बल,	कृष्णप्रिया तुम,—बोलो, बोलो,
कृष्ण कि कृपा करिबेन मोरे ?	कृष्ण कृपा करेंगे मुझपर क्या ?
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
प्राणेश्वर ! जीवन-सर्व्वस्व !	प्राणेश्वर ! जीवन-सर्वस्व !
कृष्ण आमि नाहि जानि,—	जानती नहीं हूँ मैं कृष्णको,
कृष्ण-कृपा नाहि बुझि,—	समझती नहीं हूँ कृष्ण-कृपा-मर्मको;
सुधु मात्र जानि आमि तोमार चरण।	एकमात्र विदित मुझको तुम्हारे चरण !
पाइयाछि पतिकृपा,	पतिकृपा पायी है,
बुझियाछि पतिप्रेम,	समझा है पति-प्रेम,
शिखियाछि पतिसेवा;	सीखी है पति-सेवा;
कृष्णकृपा, कृष्णप्रेम,	कृष्ण-कृपा, कृष्ण-प्रेम,
कृष्ण-सेवा-सुखानन्द	कृष्ण-सेवा-सुख तथा कृष्ण-सेवानन्दका
अनुभवि इथे;	करती हूँ इसमें ही अनुभव।
तुमि मोर प्राणवल्लभ,	तुम मेरे प्राणवल्लभ,
तुमि मोर कृष्णधन;	तुम मेरे कृष्णधन;
तव सेवाय पाइ कृष्ण-सेवानन्द।	सेवामें तुम्हारी प्राप्त करती कृष्ण-सेवानंद,
तव प्रेमे कृष्णप्रेम शिक्षा करि आमि;	सीखती हूँ कृष्णप्रेम, प्रेममें तुम्हारे मैं।
तुमि कृष्ण-दरशन चाओ,	कृष्ण-दर्शन चाहते तुम,
आमि चाइ निशिदिन तव दरशन।	निशिदिन चाहती मैं दर्शन तुम्हारा हूँ।
कृष्ण-सङ्ग-सुख-आशे,	कृष्ण-साहचर्य-सुख-आशामें
तुमि हयेछ उन्मत्त;	तुम हो उन्मत्त हुए;
पागलिनी आमि,	दीवानी मैं हूँ,
तव प्रेम-सुख-लालसाय।	तव-प्रेमानन्द-लालसाकी।
उन्मत्त, विह्वल तुमि	उन्मत्त, विह्वल तुम
कृष्ण-प्रेम-सुधा-रसे;	कृष्ण-प्रेम-सुधा-रससे;
कृष्ण-प्रेम-रस-सिन्धु	कृष्ण-प्रेम-रस-सिन्धु

उछलि उछलि बहे	उछल-उछलकर लेता हिलोरें है
हृदये तोमार;	हृदयमें तुम्हारे ।
पतिप्रेमे पागलिनी आमि,	पति-प्रेमोन्मत्ता मैं;
पति-प्रेम-सुधा-धारा	पति-प्रेम-सुधा-धारा
नियत सिञ्चित करे आमार पराण;	सींचती निरन्तर है प्राणोंको मेरे ।
तोमाते, आमाते, नाथ !	तुममें और मुझमें, नाथ !
किछु भिन्न नाइ,—नाहि भेदाभेद;	कुछ भी अन्तर नहीं, नहीं भेदाभेद;
तुमि जारे कृष्णप्रेम बल,	कहते हो कृष्णप्रेम जिसे तुम,
आमि तारे बलि पतिप्रेम;	कहती मैं पतिप्रेम उसको ।
तुमि मोर पति,	तुम मेरे प्राणपति,
देव-देव, परम ईश्वर;	देव-देव, परमेश्वर;
तुमि मोर गति अन्तकाले;	हो अन्तकालमें तुम्हीं मेरी गति,
तुमिइ मोर कृष्ण, जगतेर नाथ,	तुम्हीं मेरे कृष्ण, तुम्हीं मेरे जगन्नाथ;
मोर सन्मुखे विद्यमान ।	मेरे सम्मुख विद्यमान ।
तोमार श्रीकृष्ण-भजन	तुम्हारा श्रीकृष्ण-भजन
आर आमार श्रीपति-भजन,	एवं मम पति-भजन—
एक वस्तु,—कभु भिन्न नहे ।	एक वस्तु, भिन्न नहीं कभी भी ।
बुझे देख विचारिया,	समझो इसे, देखो विचारकर,
बुद्धिमान तुमि ।	बुद्धिमान तुम हो ।
एस नाथ ! हृदिभरा	आओ नाथ ! हृदयमें हिलोरते
प्रेमसिन्धु दिये,	प्रेमसिन्धुका,
बुक भरा भालबासा,—	छातीमें लहराते अनुरागका,
प्रतिदान दिये,	देकर प्रतिदान
तोमारे भजिब आमि;	तुम्हें मैं भजूँगी;
काय-मन-वाक्ये,—	काया, मन, वाणीसे,
सेविब तोमारे नाथ !	सेवा करूँगी तुम्हारी नाथ !
तुषिब तोमार मन सर्व्वभावे,	मनको तुम्हारे सब विधि दूँगी संतोष,
केन अकारण दुःख कर नाथ !	क्यों फिर अकारण दुःख करते हो, नाथ ?
एस प्राणेश्वर ! एस हृदयेश !	आओ प्राणेश्वर, पधारो हृदयेश !
तुमि मोर कृष्ण,	तुम्हीं मेरे कृष्ण,

तुमि प्राणपति,	तुम्हीं प्राणपति,
विष्णुप्रिया हबे कृष्णप्रिया,—	विष्णुप्रिया होगी कृष्णप्रिया
तव वाक्य हइबे सफल ।	होगी तुम्हारी वाणी सत्य ।
(श्रीगौराङ्गके भूमिशय्या हइते उठाइया प्रेमभरे हृदये धारण)	(श्रीगौराङ्गको भूमिशय्यासे उठाकर प्रेममग्न हृदयसे लगाना)
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !	विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
तुमि भूल बुझियाछ,—	तुमने नहीं समझी है सही बात—
क्षुद्र जीव आमि,	क्षुद्र प्राणी मैं हूँ,
मायाबद्ध संसारेर कीट ।	मायाबद्ध कीट संसारका ।
पूर्व्व कर्म्मफले ए संसारे	पूर्व कर्मफलसे इस जगमें
तुमि नारी, आमि तव पति ।	तुम हुई नारी, मैं बना तुम्हारा पति ।
पितृ-पुरुषेर सुकृतिर बले	पितृकुल-पूर्वजोंके पुण्य-प्रतापसे
विप्रवंशे लभि जन्म,	करके प्राप्त जन्म विप्रकुलमें
श्रीकृष्ण-भजने	श्रीकृष्ण-भजनके प्रति
मोर हइयाछे रति ।	उपजी रति मुझमें है ।
बुझियाछि,—गुरु-कृपा-बले	गुरुकी कृपासे समझा है—
छाया मात्र, किछु नहे, संसार असार ।	संसार है असार, कुछ भी नहीं है— बस, छाया मात्र ।
श्रीकृष्ण-भजन बिना,	श्रीकृष्ण-भजन बिना,
श्रीकृष्ण-चरण बिना,	श्रीकृष्ण-चरण बिना,
अन्य काम्य धन ए संसारे	अन्य वाञ्छनीय धन इस संसारमें
नाहि आछे किछु;	कुछ भी नहीं है;
सर्व्वत्यागी नाहि ह'ले,	सर्व्वत्यागी हुए बिना,
ना करे दया कृष्णचन्द्र;	करते नहीं दया कृष्णचन्द्र;
ताइ हय मने वाञ्छा—	इसीलिये उठती है मनमें चाह—
ह'ये सर्व्वत्यागी करि श्रीकृष्ण-भजन ।	श्रीकृष्ण-भजन करूँ सर्वत्यागी होकर ।
तुमि साध्वी-सती नारी,	तुम साध्वी-सती नारी
सर्व्वभावे कर पूर्ण,	सब विधिसे करो पूर्ण
एइ वाञ्छा मोर ।	मेरी इस वाञ्छाको ।

श्रीविष्णुप्रिया—

प्राणेश्वर ! हृदय-वल्लभ !
पति तुमि,—गुरु तुमि,—
चरणेर दासी आमि तव;
आमा सने कपटता
शोभा नाहि पाय ।
सर्व्वत्यागी हबे तुमि, श्रीकृष्णभजन तरे
एइ तव साध ?
नाथ ! बुके मोर हात दिये
एक बार भेबे देख देखि,
के तुमि ?
मने-मने बुझे देख,
बले काज नाइ,
कि तुमि ?
कि हेतु आविर्भाव तव एइ नदीयाय ?
निर्व्विकार परम पुरुष तुमि,
पद्मपत्रे जलवत् संसारे निर्लिप्त;
तुमि सर्व्वत्यागी, तुमि सर्व्वभोगी,
सर्व्वजीवे तुमि विद्यमान;
के तोमारे चिनिते पारे,
तुमि ना चिनाले ?
कृपा करि, चरणेर दासी बले,
करेछ ग्रहण ए अभागीरे;
कृपा करे, हे बहुवल्लभ !
श्रीचरण-तले मोरे दियेछ आश्रय ।
चिनेछि तोमाय आमि, तव कृपा-बले ।
भाग्यवती आमि,
छल ना करिह मोर सने नाथ ।
तुमि जाहा,—आमि जानि,
आमि जाहा,—तुमि जान;

श्रीविष्णुप्रिया—

प्राणेश्वर ! हृदयवल्लभ !
पति हो तुम, गुरु हो तुम,
चरण-दासी मैं तुम्हारी;
मेरे साथ करना दुराव कुछ
शोभा नहीं देता है ।
होगे सर्व्वत्यागी तुम, श्रीकृष्ण-भजन हेतु,
यही तो तुम्हारी साध ?
नाथ ! हाथ छातीपर मेरे रख
देखो तो एक बार सोचकर,
कौन हो तुम ?
मन-ही-मन परख देखो—
कहनेका काम नहीं,
क्या हो तुम ?
हुआ आविर्भाव क्यों तुम्हारा इस नदियामें?
निर्विकार परम पुरुष तुम हो,
पद्मदलपर जलके समान जगसे निर्लिप्त;
तुम सर्वत्यागी तथा सर्वभोगी तुम हो,
तुम्हीं सब जीवोंके भीतर विराजमान;
तुमको पहचान कौन सकता है,
जो न तुम कराओ बोध ?
करुणा कर चरणोंकी दासी जान
किया है ग्रहण इस अभागिनीको ।
हबे आमा हते एइ अपकार्य्य;	होगा मेरे द्वारा यही अपकार्य।
गौराङ्गेर इच्छा इहा,—	गौराङ्गकी इच्छा यही,—
इच्छामय तिनि,—	इच्छामय वे,—
इच्छा ताँर हइबे पूरण।	होगी पूर्ण इच्छा उनकी।
आमि नट,—तिनि सूत्रधार,	मैं नट, वे सूत्रधार,
एइ भावे नाचाइया मोरे	इसी भाँति मुझको नचानेमें
यदि ताँर हय सुख मने,	यदि हो सुख उनके मनमें,
लीला-पुष्टि हय ताँर,—	लीला-पुष्टि होती हो उनकी,
करिब ए कार्य्य शतबार आमि,	शतबार करूँगा मैं कार्य यह।
प्रभु तिनि,—आमि ताँर आज्ञावह दास,	प्रभु वे हैं, मैं उनका आज्ञाकारी दास,
विचारेर नाहि प्रयोजन।	सोचने-विचारनेका कोई प्रयोजन नहीं।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)

तृतीय अङ्क

(द्वितीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन—भक्तगणेर सहित शचीमातार शान्तिपुर-यात्रा।

(वाहिर्वाटिते भक्तवृन्द-समागम—द्वारे दोला दण्डायमान;—प्रतिवेशिनीसह शचीमाता आङ्गने आसीना)

श्रीनित्यानन्द—

मागो ! करेछि सकल उद्योग,
दोला दाँड़ाये द्वारे,—
समागत भक्तवृन्द,—
जावेन सङ्गे ताँरा तव,
गौराङ्ग-दरशने शान्तिपुरे ।
नदेवासी नरनारी,
जावे बहु जने;—प्रस्तुत सकलेइ;
मागो ! तुमि त्वरा करि एस !

शचीमाता—

निताइ ! चल बाप् ।
जाइतेछि आमि,
सङ्गे निये बौमाके ।
(अन्य दिके चाहिया)
मालिनी दिदि । भगिनी सर्व्वजया !
लये एस बौमाके, हेथा,
(नित्यानन्देर प्रति)
निताइ ! कर किंचित अपेक्षा बाप् !
ह'तेछि प्रस्तुत आमि ।

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन, भक्तगण-सहित शचीमाताकी शान्तिपुर-यात्रा।

(घरके वाहरी हिस्सेमें भक्तवृन्द एकत्रित हैं; द्वारपर पालकी रखी है; पड़ोसिनके साथ शचीमाता आँगनमें वैठी हैं।)

श्रीनित्यानन्द

माँ ! कर ली है सब तैयारी,—
पालकी खड़ी है द्वारपर,
एकत्रित भक्तवृन्द
जायेंगे सङ्ग वे तुम्हारे सब
गौराङ्ग-दर्शन हेतु शान्तिपुर ।
नदियावासी नर-नारी,
जायेंगे बहुत लोग,—सभी प्रस्तुत हैं,
माँ ! अविलम्ब आओ तुम ।

शचीमाता—

निताई ! चलो तात !
आ रही हूँ मैं,
बहू माँको लेकर साथ ।
(दूसरी ओर देखकर)
मालिनी दीदी ! भगिनी सर्वजया !
ले आओ यहाँ बहू माँको ।
(नित्यानन्दसे)
करो तात किंचित् प्रतीक्षा
हो रही हूँ प्रस्तुत मैं ।

श्रीनित्यानन्द—(नतमुखे मने-मने)	**श्रीनित्यानन्द**—(नतवदन स्वगत)
सेइ निदारुण प्राणघाती वाणी;—	अति दारुण प्राणघाती वाणी वह,
प्रभुर सेइ कठोर आदेश,—	प्रभुका कठोर वह आदेश,—
मुखेते ना सरे वाक्,—	मुखसे न निकलती बात,
बलिते ना चाय मन,—	कहना न चाहता मन;—
हाय! तबु बोलितेइ हबे।	हाय! कहना ही होगा, तब भी।
भेबेछिनु मने-मने, शचीमाता	मनमें यह सोचा था, शचीमाता
बुझि मोर अन्तर-वेदन;—	समझकर अन्तर्वेदना मेरी,
अनुभवि मोर हृदयेर व्यथा,—	हृदय-व्यथाको अनुभवकर मेरी,
ए विषम संकट ह'ते,	इस विषम संकटसे
करिबेन उद्धार मोरे	करेंगी उद्धार मेरा,
निज गुणे;	स्थिति समझकर स्वयं ही।
किंतु, ता'त ह'ल ना,—	किंतु हुआ वह तो नहीं,—
तिनि जेते चान शान्तिपुरे	वे जाना चाहती हैं शान्तिपुर
ल'ये बौमाके साथे।	लेकर बहूमाँको साथ।
एइ परामर्श,—के दिल ताँहारे?	ऐसी सलाह किसने उन्हें दी?
किवा करि आमि—बुझिते ना पारि।	क्या करूँ मैं,—समझ नहीं पाता हूँ।
चले ना विलम्ब आर त'ए काजे;	और अब विलम्ब सम्भव नहीं इस काममें,
आजइ जेते हबे मोरे।	आज ही प्रस्थान करना होगा मुझे।
(किछु क्षण चिन्ता करिया)	(कुछ क्षण सोचकर)
प्रभु-आज्ञा बलवान,—	प्रभु-आज्ञा बलवान्,
पालिब सर्व्वथा ताहा;	सर्वथा पालूँगा उसे;
हृत्-पिण्ड, जाय छिंड़े जाक्,—	हृदय-पिण्ड होता है विदीर्ण, तो हो जाय;
बाजुक् प्राणे शेलेर आघाते,—	प्राणोंपर बज उठे आघात सेलोंका,
पड़ुक माथाय मोर वज्राघात शत,—	वज्राघात शत-शत पड़े माथेपर मेरे,—
आज्ञा-अवहेला प्रभुर,	प्रभु-आज्ञा-अवहेलन
करिते ना पारि आमि।	कर सकता नहीं मैं।
(अवनत वदने शचीमातार प्रति)	(नतमस्तक हुए शचीमातासे)
मागो! चरणे धरिये तव	माँ! चरण तुम्हारे पकड़
करि निवेदन कर जोड़े;—	करता निवेदन हूँ हाथ जोड़,

बौमाके राखि नदीयाय,	छोड़ बहूमाँको नदियामें
एकाकिनी चल तुमि	चलो अकेली ही तुम,
पुत्र-दरशने ।	पुत्र-दर्शनके लिये ।
संन्यास-धर्म्म	संन्यासधर्मका
करेछेन आश्रय पुत्र तव,	आश्रय लिया है पुत्रने तुम्हारे,
संन्यासीर धर्म्म नहे स्त्रीमुख-दर्शन ।	स्त्री-मुख-दर्शन न धर्म संन्यासीका ।
मागो ! बलि आर एक कथा--	माँ ! करता हूँ निवेदन एक और बात,
शुन मन दिया;	सुनो मन देकर,--
गिये शान्तिपुरे पुत्रवधू तव,	शान्तिपुर जाकर पुत्रवधू तुम्हारी
पड़िबेन विषम विपाके;	पड़ेंगी विषम विपत्तिमें;
तुमिओ मागो ! ल'ये ताँके	तुम भी माँ ! ले जाकर उनको
व्यतिव्यस्त हबे ।	पड़ोगी उलझनमें ।
सब दिक करि विवेचना,	करके विचार सब ओरसे
निवेदि चरणे तव,	तव पाद-पद्मोंमें करता निवेदन हूँ,--
चल तुमि एकाकिनी मोर साथे ।	चलो अकेली ही तुम साथ मेरे ।
शचीमाता--(काँदिते-काँदिते)	**शचीमाता**--(रोते-रोते)
श्रीपाद नित्यानन्द ! बुद्धिमान तुमि,--	श्रीपाद नित्यानन्द ! बुद्धिमान तुम हो,
निमायेर अग्रज तुमि,--पूज्य तुमि,--	निमाईसे बड़े तुम, पूज्य तुम;
बल देखि बाप !	बोलो तो सही तात !
मोर शिरे दिये हाथ--	सिरपर धर मेरे हाथ--
कि क'रे ए कथा,	किस प्रकार यह बात,
ए निदारुण प्राणघाती कथा,	यह निदारुण प्राणघाती बात,--
वलिव बौमाके आमि ?	कहूँगी मैं बहूमाँको ?
कि क'रे बुझाइब ताँके ?	किस प्रकार उसको समझाऊँगी ?
नदेवासी नरनारी सबे जाबे,	नदियावासी नर-नारी सब जायँगे,--
निज जन,--पर जन,--	अपने या पराये हों,--
केह नाहि जाबे बाद;	कोई नहीं बच रहेगा ।
एइ देख,	यह देखो !
लोके लोकारण्य पथ,--	झुंड-झुंड लोग उमड़ पड़े पथपर,
नदीयाय केह नाहि आर;	अब कोई नहीं रहा नदियामें ।

नित्यानन्द ! स्थिर भावे	नित्यानन्द ! स्थिर चित्तसे,
विवेचना क'रे देख तुमि,	कर देखो विवेचना तुम्हीं—
ए काज श्रामा ह'ते हइबे केमने ?	यह कार्य बनेगा मेरे द्वारा किस प्रकार ?
तुमि यदि श्रामि ह'ते	तुम यदि 'मैं' होते
करिते कि ? बल त श्रामाय ?	करते क्या ? कहो तो मुझे ?
राखि नदीयाय बौमाके,	छोड़ नदियामें बहूमाँको
पारिब ना जेते श्रामि ।	जा नहीं सकूँगी मैं ।
श्रीनित्यानन्द—	**श्रीनित्यानन्द**—
मागो ! सब बुझि श्रामि,—	माँ ! समझता हूँ सब मैं,
सब जानि श्रामि;	जानता मैं सभी कुछ;
किंतु जानिया-बुझिया करिब कि ?	किंतु करूँगा क्या, जानकर समझकर ?
बुद्धि,—विवेचना-शक्ति,—	बुद्धि, विवेचना-शक्ति,
विवेक श्रो विचार,—	विवेक, विचार तथा
मानुषेर कर्त्तव्य कर्म्म जाहा किछु श्राछे;	पालनीय कर्त्तव्य जो कुछ है मानवका,
श्रार धर्म्म,—	श्रौर धर्म,—
वेदधर्म्म,—लोकधर्म्म,—	वेद-धर्म, लोक-धर्म,
श्रात्मधर्म्म श्रो परधर्म्म,—	श्रात्म-धर्म, पर-धर्म तथा
करेछि चिरतरे समर्पण मागो !	दिया है सबको समर्पितकर सदाके लिये माँ!
तव पुत्रवर पदे;	तुम्हारे पुत्ररत्नके चरणोंमें ।
प्रभु तिनि,—जगत-पालक,—	प्रभु वे हैं,—जगत्पालक,—
क्षुद्रबुद्धि सेवक श्रामि ताँर,—	क्षुद्रबुद्धि सेवक मैं उनका,
श्राज्ञावह भृत्य श्रामि,—	श्राज्ञाकारी चाकर मैं,—
श्राज्ञा ताँर बलवान सर्व्व काजे ।	उनकी श्राज्ञा प्रधान सब कामोंमें ।
मागो ! बलिते फेटे जाय बुक,—	माँ ! कहते हुए छाती विदीर्ण होती,
शुन तबे,—तव पुत्रेर श्रादेश—	सुनो तब,–निज सुतका श्रादेश—
एका **श्रीविष्णुप्रिया** छाड़ा	एक सिवा **श्रीविष्णुप्रियाके**
शान्तिपुरे जेते,—दरशने ताँर,—	शान्तिपुर जाना, उनके दर्शन निमित्त,
कार श्रो नाहि माना ।	किसीके लिये निषेध नहीं ।
श्राछे निगूढ़ रहस्य एइ लीलारङ्गे ताँर,	है निगूढ़ रहस्य उनकी इस लीलामें,
श्राछे निगूढ़ उद्देश्य,–	निगूढ़ उद्देश्य है

मूले एइ आदेशवाणीर ।
मागो ! धैर्य्यवती तुमि, गौराङ्ग-जननी,
कर मन स्थिर;
सुस्थचित्ते विचारिये देख एक बार,
एखन पुत्र-आज्ञा
सर्व्वभावे पालनीय तव ।

शचीमाता—

(आश्चर्य भावे अन्य दिके चाहिया)

किछु नाहि बुझि,—
कि जे बले नित्यानन्द !—
पुत्र-आज्ञा पालनीय मोर !
एकि कथा ? एकि विधि ?
कोन शास्त्रे बले इहा ?
अवधूत पागल नित्यानन्द,—
एकि कथा बले मोरे ?
माता आमि,—पुत्र मोर निमाइ,—
लोके बलुक,—जेइ जाहा,—
नित्यानन्द जाहाइ बुझुक,—
स्नेहेर पात्र आज्ञाधीन पुत्र मोर निमाइ,
पुत्र-आज्ञा ना चलिबे जननीर काछे ।

(श्रीनित्यानन्देर प्रति)

नित्यानन्द ! एइ निदारुण कठोर वाणी
आनिओ ना आर तुमि मुखे;
विष्णुप्रिया जावे मोर साथे ।

श्रीनित्यानन्द—(स्वगत)

कि विषम संकटे,
फेलिलेन प्रभु आजि मोरे,
बुझिते ना पारि;
प्रभुर वात्सल्यमयी जननी इनि;
भजेन गौराङ्ग-धने

मूलमें इस आदेश-वाणीके ।
माँ ! धैर्यवती तुम हो, गौराङ्ग-जननी हो,
मनको स्थिर करो ।
सुस्थिर चित्तसे विचारकर देखो एकबार,
इस समय पुत्र-आज्ञा
सर्वविधि पालनीय तुम्हारे लिये ।

शचीमाता--

(साश्चर्य दूसरी ओर देखती हुई)

कुछ नहीं समझ पाती हूँ,--
कह क्या रहा है नित्यानन्द ?—
पुत्र-आज्ञा पालनीय मेरे लिये !
यह, भला, कैसी बात ? कैसा विधान यह?
कौन-सा शास्त्र कहता यह ?
अवधूत, पागल नित्यानन्द,--
यह क्या बात कह रहा है मुझे ?
माता मैं,--बेटा निमाई मेरा,
लोग कहें,--जैसा जो चाहे,--
नित्यानन्द समझे कुछ भी,--
स्नेहपात्र, आज्ञाधीन पुत्र निमाई मेरा,
नहीं चलेगी पुत्रकी आज्ञा जननीके आगे

(श्रीनित्यानन्दसे)

नित्यानन्द ! यह निदारुण, कठोर वाणी
अब तुम लाना न मुखपर;
विष्णुप्रिया साथ मेरे जायगी ।

श्रीनित्यानन्द—(स्वगत)

किस विषम संकटमें
डाल दिया आज मुझे प्रभुने,--
समझ नहीं पाता हूँ ।
वात्सल्यमयी जननी ये प्रभुकी
गौराङ्ग वरका करती भजन हैं,

शुद्ध वात्सल्यभावे ।
ऐश्वर्य्येर गन्ध नाहि इथे ।
मोर पक्षे
प्रभु-आज्ञा बलवान बटे;
किंतु शचीमातार पक्षे,
स्नेहेर बन्धन बड़ ।
प्रेमपाशे बेन्धेछेन इनि
जगतपतिरे;
सङ्गे ल'ये पुत्रवधू—
फिराइबेन संन्यासी पुत्रके गृहे पुनः
एइ वाञ्छा ताँर ।
अभिभूत मा जननी वैष्णवी मायाय,—
ना बुझेन किछु पुत्रेर ऐश्वर्य्य तिनि;
गौराङ्ग हे ! नवद्वीपचन्द्र हे !
कृपा करि जननीर,
करि माया दूर,—कर दिव्य चक्षुदान ।
देखुन तिनि,—तुमि कि वस्तु ?
कि हेतु तव एइ लीला-अभिनय ?
(शचीमातार प्रति)
मागो ! सर्व्वज्ञा तुमि,
सब तुमि जान,—
सब तुमि बुझ,—
पुत्र तव नहे गृही,—संन्यासी ओ नहे;—
धर्म्माधर्म्म,—सुख-दुःखेर,—भाल-मन्देर,—
सर्व्वातीत तिनि ।
जगज्जीव माया-मोहे ह'ये विजड़ित
गेछे भूले कालवशे स्व-स्वरूप;
हयेछे विस्मरण
तारा सम्बन्ध कृष्ण सने ।
कृष्ण सने—कृष्णदासेर,—

शुद्ध वात्सल्यभावसे;
ऐश्वर्य-गन्ध नहीं रञ्चमात्र यहाँ ।
यह ठीक है कि मेरे लिये
प्रभु-आज्ञा ही बलवान् है;
किंतु शचीमाताके लिये
स्नेह-बन्धन प्रधान है ।
इन्होंने प्रेमपाशमें लिया है बाँध
विश्वपतिको;
पुत्रवधूको संग लेकर
लौटा लायेंगी संन्यासी पुत्रको घर पुनः—
यही उनकी लालसा है ।
अभिभूत है माता श्रीवैष्णवी मायासे,
जानतीं न रञ्चमात्र एश्वर्य पुत्रका वे ।
गौराङ्ग हे ! नवद्वीपचन्द्र हे !
कृपाकर जननीकी
कर माया दूर, करो दिव्य चक्षुदान ।
देखें वे—तुम हो तत्त्व कौन ?
किसहेतु तुम्हारी इस लीलाका अभिनय ?
(शचीमातासे)
माँ ! सर्वज्ञा तुम हो ।
सब कुछ तुम जानती हो,
सब कुछ तुम समझती हो—
पुत्र तव गृहस्थी नहीं, संन्यासी भी नहीं,
धर्माधर्म, सुख-दुःख, भला-बुरा,—
सबसे अतीत वे ।
माया-मोहसे विजड़ित हो जगत्के जीव
कालके प्रवाहमें भूल गये निज स्वरूप;
हो गया विस्मृत है
कृष्णके साथ अपना सम्बन्ध उन्हें ।
कृष्णके साथ कृष्णके दासक

बुझाइते नित्य सम्बन्ध;	नित्य सम्बन्ध समझानेको
तव गर्भे मागो ! जीवबन्धु, जगत-जीवन	गर्भसे तुम्हारे माँ ! जीवबन्धु, जगज्जीवन
श्रीगौराङ्ग चाँदेर उदय ।	श्रीगौराङ्ग चन्द्र हुए उदित ।
मागो ! नयन मुदिया तुमि,	माँ ! आँखें मूँदकर तुम,
करि चित्त स्थिर;—	स्थिरकर चित्तको,
देख देखि एक बार,	देखो तो एक बार,—
संसारेर एइ नाटचशाले,	इस विश्वरूपी नाट्यशालामें,
गौराङ्ग-जननीरूपे—	गौराङ्गजननीके रूपमें
केन आविर्भाव तव ?	हेतु क्या तुम्हारे आविर्भावका ?
के तुमि ? कि हेतु हेथा ?	कौन तुम ? किस हेतु यहाँ तुम ?
के तव पुत्र ?	कौन, भला, पुत्र तव ?
के तव पुत्रवधू ?	कौन पुत्रवधू ?
के हेतु नदीयाय ए संसार तव ?	किसलिये नदियाका यह तुम्हारा संसार ?
नवद्वीप-लीला-अभिनये	नवद्वीप-लीलाके अभिनयमें
गौराङ्गजननी ओ घरणी—	गौराङ्ग-जननी और गृहिणी,
लीलामय श्रीगौराङ्गेर	लीलामय श्रीयुत गौराङ्गकी
प्रधान सहाय ।	सहायिका प्रधान ये ।
मागो ! करि नयन मुद्रित	माँ ! लोचन निमीलितकर
एक बार देख देखि,	एकबार देखो तो,—
कार आज्ञा पालितेछ तुमि ?	किसका आदेश तुम पालन कर रही हो ?
शचीमाता—	**शचीमाता**—
(स्तम्भितेर न्याय चक्षु मुद्रित करिया ध्यानमग्न; किछु क्षण परे)	(स्तम्भित-सी हुई आँखोंको वंद करके ध्यानमग्न हो जाती हैं; कुछ क्षणोंके पश्चात्)
निताइ !	निताई !
आर किछु बलिबार नाइ मोर,—	अब कुछ कहना नहीं मुझको,
राख बाप् निमायेर कथा	रक्षा करो तात ! निमाईके वचनकी
सर्व्वभावे;	सभी भाँति ।
तार जाते हय सुख,—	उसको जिससे मिले सुख ,
जाते तार हय धर्म्मरक्षा,—	उसकी धर्मरक्षा हो जिससे,—
ताइ मोर अवश्य कर्त्तव्य एखन ।	इस समय कर्तव्य वही निस्संदेह मेरे लिये ।

बलि गिये बौमाके,
एइ निदारुण प्राणघाती वाणी;
आहा ! सरला बालिका से जे,
त्रिजगते स्वामीभिन्न,——
केह नाहि तार ।
दुर्व्विषह पतिविरहज्वाला,——
सहिते छे अभागिनी बाला——
शुधु मोर चेये मुख पाने ।
केमने राखि तारे एकाकिनी नदीयाय,——
जाब आमि शान्तिपुरे ।
(मालिनी-काञ्चना प्रभृति प्रतिवेशिनी दिगेर प्रति)
मालिनी दिदि ! सर्व्वजया ! काञ्चने !
थाक तुमि सबे गृहे मोर,
बौमाके ल'ये,
शान्तिपुरे जाब आमि एका,
बलिलेन नित्यानन्द
निमाइ करेछे माना बौमाके जेते ।

जाकर कहूँ बहूमाँको,
अति दारुण प्राणघाती वाणी यह ।
बालिका वह सरला आह !
त्रिभुवनमें स्वामीको छोड़
कोई नहीं उसका ।
दुस्सह पति-विरह-ज्वाला
बाला अभागिनी वह सहती है,
देख-देख मेरे मुखकी ओर, बस ।
किस प्रकार छोड़ उसे एकाकिनी नदियामें
जाऊँगी मैं शान्तिपुर ?
(मालिनी-काञ्चना आदि पड़ोसिनियोंके प्रति)
मालिनी दीदी ! सर्वजया ! काञ्चने !
तुम सभी रहो घर मेरे
लेकर बहूमाँको;
शान्तिपुर जाऊँगी अकेले मैं ।
कहते हैं नित्यानन्द,
किया है निमाईने निषेध जाना बहूमाँका ।

मालिनी—

दिदि ! जाओ तुमि,
विष्णुप्रिया रबे मोर काछे;
स्वामी-दरशने——वञ्चिता अभागिनी——
करमेर फले ।
ए दुःख तार जिवने ना जाबे ।
पतिर आदेशे,
पतिप्राणा रमणीर पति-दरशन माना !
प्रबोधेर एइ नूतन उपाय,——
ए नव विधान,——
निमायेर स्वकपोलकल्पित किना

मालिनी—

दीदी ! जाओ तुम,
विष्णुप्रिया रहेगी मेरे पास ।
पति-दर्शनसे वञ्चित अभागिनी,
कर्मोंके फलसे;——
यह दुःख जायगा न जीवनमें उसके ।
पतिके आदेशसे
पतिप्राणा रमणीको पति-दर्शन वर्जित !
प्रबोधनका नूतन उपाय यह,——
यह नया विधान——
निमाईका यह स्वकपोलकल्पित
है या नहीं ?

धन्ध लागे मने ।	पहेली-सी लगती है मनमें ।
विष्णुप्रिया बुद्धिमती, सुबोधिनी बाला,	विष्णुप्रिया बुद्धिमती, बाला सुबोधिनी,
पति-परायणा;	पति-परायणा है;
पतिर आदेश से करिबे पालन ।	स्वामीकी आज्ञा वह पालन करेगी ।
काञ्चना—	**काञ्चना**—
रहिब आमि सखि सने एइ गृहे,—	रहूँगी मैं सखीके साथ इसी घरमें
ह'ये निश्चिन्त तुमि मागो !	होकर निश्चिन्त तुम, माँ !
जाओ शान्तिपुरे, तव पुत्र दरशने ।	जाओ शान्तिपुर अपने पुत्रको देखने ।
पतिप्राणा रमणीर,	पति-प्राणा रमणीको
पति-दरशन माना,	पति-दर्शन-निषेध,—
कोन शास्त्रे बले ?	किस शास्त्रका विधान ?
शास्त्र-ज्ञानाभिमानी, पण्डित निमाइ,	शास्त्र-ज्ञानाभिमानी पण्डित निमाई
आनिलेन कोन सुखे,	किस सुखकी आशामें लाये मुँहपर
एइ निदारुण कथा,--	यह निदारुण बात,--
किछु नाहि बुझि ।	समझमें न आता कुछ ।
मागो ! जे पारे बलिते	माँ ! जो कह सकता है
हेन निदारुण वाणी,—	ऐसी कठोर वाणी,
नाइ तार प्राण,--	हृदय नहीं है उसमें,
देहे नाइ दया-मया,—	नहीं है उसमें दया-मयाकी गन्ध;
नारी बधे भय नाइ तार ।	नारी-वधका भी न उसको भय है ।
मागो ! जाब ना आमि शान्तिपुरे,	शान्तिपुर जाऊँगी न माँ ! मैं
तव पुत्र-दरशने;	तव पुत्र-दर्शन हेतु;
देखिब विष्णुप्रियारे आमि;	निहारूँगी मैं विष्णुप्रियाको ।
गौरदरशन,—	गौरदर्शन—
आर गौर-प्रिया-दरशन,—	और गौर-प्रिया-दर्शन,--
एक वस्तु—तुल्यफल,—	एक वस्तु, समान फलवाली ।
नदीयार राजा गेछे चले,—	चले गये, नदियाके राजा
राजराणी आछे घरे;	राजरानी राजती हैं घरमें;
नदीयार राणीर दासी मोरा,--	नदियाकी रानीकी दासी हम,
सखि मोरा,—	सहचरी हम,--
छाड़ि ताँरे कोथाओ ना जाब ।	छोड़ उन्हें कही भी न जायँगी ।

शचीमाता—

धन्य मा काञ्चना !
धन्य तव प्रेम-भक्ति
विष्णुप्रिया प्रति ।
शक्ति-पूजार सार तत्व—
बुझियाछ तुमि,
तोमार ए साधु पथ,
शक्तिसाधकेर मूल मन्त्र,
शक्ति-शक्तिमाने अभेद-तत्व,
बुझाइले तुमि जीवे आजि ।
जाओ मा ! करगे तुमि विष्णुप्रिया-सेवा,
एइ सेवा ह'ते, तव हवे इष्ट-लाभ;
गौराङ्ग सदय हवे तोमा प्रति ।
(गृहे हइते श्रीविष्णुप्रियादेवीर आङ्गिनाय आगमन एवं शचीमाताके बाहुमूले आबद्ध करिया क्रन्दन)

श्रीविष्णुप्रिया—

जाब आमि मागो !
शान्तिपुरे तव साथे ।
एका यदि जेते तुमि,—
किछु नाहि बलिताम ।
देखितेछि,—
भाङ्गियाछे सर्व्व नदीयार लोक,—
शान्तिपुरे जेते,—
तव पुत्र-दरशने;
आमि केन तबे पड़िलाम बाद ?
शुनितेछि मागो ! तुमि नाकि,—
रेखे जाबे मोरे एकाकिनी घरे ।
छाड़ि तोमा नारिब रहिते आमि
एइ शून्य गृहे माझे तिलार्द्धेक काल ।

शचीमाता—

धन्य बेटी काञ्चना !
धन्य तुम्हारी प्रेमभक्ति
विष्णुप्रियाके प्रति ।
शक्ति-पूजाका सार तत्त्व
समझा है तुमने;
तुम्हारा यह श्रेष्ठ पथ,—
मूल-मन्त्र शक्ति साधकोंका है ।
शक्ति-शक्तिमानका अभेद-तत्त्व
समझाया जीवोंको तुमने आज ।
जाओ, बेटी! करो विष्णुप्रियाकी सेवा तुम।
इसी सेवाके द्वारा होगा तुम्हें इष्ट-लाभ;
गौराङ्ग होगा सकरुण तुम्हारे प्रति ।
(घरमेंसे श्रीविष्णुप्रियादेवीका आँगनमें आना और शचीमाताको भुजाओंमें बाँधकर क्रन्दन करना)

श्रीविष्णुप्रिया—

माँ ! जाऊँगी मैं
शान्तिपुर तुम्हारे साथ ।
जाती यदि अकेले तुम,
कुछ नहीं कहती मैं ।
देखती हूँ,—
टूट पड़े ह सभी लोग नदियाके
शान्तिपुर जानेको
तुम्हारे पुत्रका दर्शन करने
मैं ही तब किसलिये जाऊँगी छाँट दी ?
सुनती हूँ, माँ ! तुम भी क्या
छोड़कर जाओगी घरमें अकेली मुझे ?
बिना तुम्हारे रह सकती नहीं मैं
इस सूने घरमें आधे पलमात्र भी ।

मागो ! आमि सङ्गे जाब तव,	जाऊँगी माँ ! मैं तुम्हारे साथ,—
ए कथा बलिओ ना ताँके,—	यह बात कहना नहीं उनसे;
दूर ह'ते हेरिब एकटि बार	दूरसे ही निहार लूँगी एकबार
पुत्रेर तव रातुल चरण ।	अरुण चरण पुत्रके तुम्हारे ।
(क्रन्दन)	(क्रन्दन करना)
शचीमाता--	**शचीमाता--**
बौमा ! वक्षेर धन आमार !	बहूमाँ ! वक्षस्थलकी निधि मेरी,
बुके एस तुमि,	छातीसे लगो आ तुम,
कोले करि जुड़ाइ जीवन ।	लेकर तुम्हें गोदमें शीतल करूँ जीवनको ।
पुत्र-विरह-तापे,	पुत्र-विरह-तापमें
ज्वलितेछे अहरहः हृदि मोर,	जलता है हृदय मेरा अनुदिन,
तुषेर आगुन ज्वले	जल रहा तुषानल है
मनेर भीतरे मोर निशिदिन;	मेरे अभ्यन्तरमें निशिदिन ।
सुधु तव चेये मुख पाने,—	केवल तुम्हारे मुखड़ेकी ओर देखकर,
रेखेछि एइ देह भार,	धारण किये हूँ यह देह-भार ।
बुद्धिमती तुमि,	बुद्धिमती तुम हो,
सुबोधिनी बाला तुमि,	सुबोधिनी बाला तुम,
देखितेछ स्वचक्षे सकलि तुमि,—	देख रही हो सब कुछ आँखोंसे अपने तुम,
बलिबार किछु नाइ,—	कहना कुछ शेष नहीं,
किछु नाइ बुझाबार तोमाय;	कुछ नहीं तुमको है समझाना ।
मालिनी दिदि रहिबे तव काछे,	मालिनी बहिन रहेगी तुम्हारे पास,
काञ्चना थाकिबे तव साथे,	काञ्चना रहेगी तुम्हारे साथ ।
जेतेछि आमि शान्तिपुरे	जा रही हूँ मैं शान्तिपुर
दिन दुइ तरे,—निमाइके आनिते;	मात्र दिवस दोके लिये, लाने निमाईको;
ठेलिते से नारिबे मोर कथा,	टाल नहीं सकेगा वह बात मेरी,
ताइ, नित्यानन्द प्रमुख भक्तगणे सबे	इसीलिये नित्यानन्द प्रभृति भक्तगण सब
ल'ये मोरे जेतेछेन शान्तिपुर धामे ।	लेकर मुझे जा रहे हैं शान्तिपुर धाम ।
स्थिर ह'ये रह तुमि घरे,	होकर रहो स्थिर-चित्त घरमें,
शीघ्र फिरिब आमि पुत्र ल'ये, नवद्वीपे	लेकर पुत्रको शीघ्र ही लौटूँगी मैं नवद्वीपमें
तव आशा हइबे पूरण ।	होगी तव आशा पूर्ण ।

श्रीविष्णुप्रिया—

मागो ! शुनेछि सखिमुखे
तव पुत्रेर आदेश,—
एबे शुनिलाम मुखे तव
प्रबोधेर वाक्य उपदेश ।
अभागिनी विष्णुप्रिया,—
सहिबे सर्व्वविध दुःख-ताप-शोक,
अकातरे, तार पतिर आदेशे ।
तार अदृष्टेर लिखन इहा,
विधातार विचित्र सृजन विष्णुप्रिया,—
प्राणे तार सकलि सहिबे,
बड़इ कठिन प्राण तार,
ता ना ह'ले,—
शुनि एइ प्राणघाती निदारुण वाणी
बाहिर ना ह'ल छार प्राण तार;
मागो ! जाओ तुमि शान्तिपुरे,
गृहे आमि रब एकाकिनी ।

श्रीविष्णुप्रिया—

माँ ! सुना है, सखि-मुखसे
तुम्हारे पुत्रका आदेश,—
अब सुना मुखसे तुम्हारे
प्रबोधमयी वाणीका उपदेश ।
अभागिनी विष्णुप्रिया
सर्वविध सहन करेगी दुःख-ताप-शोक
अकातर बन अपने पतिके आदेशसे ।
उसके यही भाग्यमें अङ्कित,—
विधिकी विचित्र रचना विष्णुप्रिया,—
सब कुछ सहेंगे प्राण उसके,
बड़े ही कठोर प्राण उसके हैं ।
ऐसा न होता तो,
सुनकर भी अति दारुण,
प्राणघाती वाणी यह
निकलते बाहर न उसके दग्ध-प्राण क्या ?
माँ ! जाओ तुम शान्तिपुर,
रहूँगी अकेली मैं घरमें ।

गीत

ओहे त्रिजगत-नाथ ।
जगत तारिते एसे मोरे छाड़िले ।
अभागी पापिनी बले दुखे भासाले ॥

मोसम दुखिनी नाइ,
ताइ हे दिले ना ठाँइ,
दुखहारी, सुशीतल चरण तले ।

एहो त्रिजगत-नाथ ।
सिवा एक मेरे, सचराचर
जगत तारने आये ।
समझ अभागिन, पापिन मुझको
दुःख-पयोधि डुबाये ॥

दुखिया न अन्य मेरे समान,
अतएव नहीं हे ! दिया स्थान
चरणोंकी शीतल छायामें
जहाँ दुःख मिट जाये ।

त्रिजगत-नाथ तुमि,	निखिल त्रिलोकीके तुम ईश्वर,
चरणेर दासी आमि,	चरण-अनुचरी मैं सेवा-पर,
कि सुख पाइले नाथ! चरणे ठेले।	क्या सुख मिला नाथ! चरणोंसे जो मुझको ठुकराये?
ए दुख जावे ना मोर पराण गेले॥	यह दुख नहीं मिटेगा मेरा, प्राण भले ही जाये॥

शचीमाता— (निज मने)	**शचीमाता**--(स्वगत)
आर किछु वलिबार नाइ,—	और कुछ कहना नहीं,
बुझाबार नाइ किछु आर;—	समझाना-बुझाना अब और कुछ नहीं,
प्रबोधेर सीमा हयेछे उत्तीर्ण;	सान्त्वना देनेकी सीमा शेष हो गयी;
आर मोर नाहि शक्ति प्रबोधिते,	और नहीं शक्ति मुझमें सान्त्वना देने ी
पति-विरह-विधुरा बालाके।	पति-विरह-विधुरा बालाको।
(क्रन्दन करिते-करिते प्रस्थान)	(रोते-रोते प्रस्थान)

तृतीय अङ्क ।

(तृतीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवने निभृत कक्षे
श्रीविष्णुप्रिया ओ काञ्चना ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
पाँच दिन हल आज
गियेछेन माता शान्तिपुरे ।
हयेछेन प्रतिश्रुत तिनि मोर काछे,
आसिबेन शीघ्र फिरि,
पुत्र सने पुनः नदीयाय ।
सखि ! विलम्ब केन एत ?
बहुदूर नहे शान्तिपुर,—
एक दिने आसे-जाय लोक ;
ह'तेछे संदेह मने मोर,—
पुनः गृहे ना फिरिबेन गुणमणि ।
मातृभक्त-शिरोमणि तिनि,
जननीर वाक्य,
वेद-वाक्य ह'ते बड़ ताँर काछे ;
किंतु सखि ! कपाल भेङ्गेछे मोर,
बड़ अभागिनी आमि ;
नाना चिन्ता हय मोर मने,—
चिन्ता-ज्वरे जर्ज्जरित एइ देह मोर,
तुमि सखि ! निशि-दिन आछ काछे मोर,
ताइ रेखेछ भुलाये मोरे
नाना भावे ;
किन्तु सखि ! बलि सत्य कथा,

दृश्य—श्रीगौराङ्ग-भवनके एकान्त कक्षमें
श्रीविष्णुप्रिया और काञ्चना ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
पाँच दिन हुये आज
शान्तिपुर गये माताको ।
हुई थीं प्रतिज्ञाबद्ध मेरे समीप वे,—
आयेंगी लौटकर शीघ्र
पुत्रके साथ नदिया पुनः ।
सखि ! विलम्ब इतना किसलिये ?
शान्तिपुर नहीं बहुत दूर है,
एक ही दिनमें लोग आते-जाते हैं ;
होता है संदेह मेरे मनमें,—
फिर न घर आयेंगे लौटकर गुणमणि ।
मातृभक्त-शिरोमणि वे,
जननी-वाक्य
वेद-वाक्यसे भी गुरुतर उनके लिये ।
किन्तु सखि ! फूटा है कपाल मेरा,
बड़ी अभागिनी मैं ;
नाना चिन्ताएँ उठ रही हैं मनमें मेरे ।
चिन्ता-ज्वर-जर्जरित मेरा शरीर यह,
तुम सखि ! रहती हो निशिदिन पास मेरे,
इसीलिये रखती हो भुलाये मेरे मनको
नाना विधिसे ।
किंतु सखि ! कहती हूँ सत्य बात,

मन मोर बड़इ चञ्चल,—
घोर संदेह मोर मने,—
आर बुझि गुणमणि ना फिरिबेन गृहे।
आर ना हेरिब ताँर रातुल चरण।
(क्रन्दन)

काञ्चना—
सखि ! विष्णुप्रिये !
बड़ अबोधिनी तुमि;
श्रीवास पण्डित आदि
नदीयार सर्व्व भक्तगण
गियेछेन शान्तिपुरे;
कइ ? केहइ त आसेन नाइ
फिरे नदीयाय।
तबे केन वृथा एत
उत्कण्ठा तोमार ?
अद्वैत-गृहिणी सीतादेवी,
करेन स्नेह नदीयार चाँदे पुत्र सम;
एबे पेये ताँरे गृहे,—
तुषिछेन समादरे लये सर्व्व भक्तगणे,
ताइ ताँर आसिते विलम्ब;
सखि ! तुमि कर मन स्थिर
चल, आज जाइ गङ्गास्नाने।

श्रीविष्णुप्रिया—
सखि ! हाते धरि तव,
ओ कथा आर आनिओ ना मुखे;
जे दिन ह'ते
हयेछेन गृहत्यागी गुणमणि मोर,—
करेछि प्रतिज्ञा आमि,
नाहि बाहिरिब पथे गृह ह'ते,
पोड़ा मुख आर ना देखाव

मन मेरा अतिशय चञ्चल,—
घोर संदेह मेरे मनमें,—
लगता है गुणमणि अब नहीं लौटेंगे घरमें,
अब नहीं देखूँगी उनके अरुण चरण।
(क्रन्दन)

काञ्चना—
सखि विष्णुप्रिये !
बहुत ही भोली तुम;
श्रीवास पंडित आदि—,
नदियाके भक्त सभी
गये हैं शान्तिपुर;
कहाँ, कोई भी तो आये नहीं
लौटकर नदियामें !
तब किस कारण व्यर्थ इतनी
उत्कण्ठा तुमको है ?
अद्वैत-गृहिणी सीतादेवी
करती हैं पुत्र-सम स्नेह नवद्वीप-चन्द्रसे,
इस समय पाकर उन्हें घरमें
लाड़ लड़ाती होंगी सादर सब भक्तों सहित,
इसीसे विलम्ब यह आनेमें उनके।
सखि ! तुम करो मन स्थिर,
चलो, आज चलें गङ्गास्नान करने।

श्रीविष्णुप्रिया—
सखि ! तुम्हारे हाथ पकड़ करती हूँ विनय,
यह बात फिर नहीं लाना अधरपर।
जिस दिनसे
हुए हैं गृहत्यागी गुणमणि मेरे,
की है प्रतिज्ञा मैंने,—
बाहर नहीं जाऊँगी पथपर गृहसे,
झुलसा मुख अब न दिखाऊँगी

काहाकेओ,—
थाकुन माथाय मोर—भागीरथी देवी;
बलितेछे कत लोके कत कथा सखि !
कार मुखे हात दिबे तुमि ?
तोमादेर नदीया-नागर,
गुणमणि मोर,—छिलेन रूपेर माणिक;
नदीयार मध्ये तिनि
सर्व्वश्रेष्ठ रूपवान, गुणवान,
प्रधान पण्डित; नवीन यौवने,
छाड़ि नदीयार ए सुख-सम्पद,
छाड़ि वृद्धा शोकातुरा जननी,
त्यजि अभागिनी नारी,
संन्यास करेछेन तिनि ।
एकि ताँर संन्यासेर काल ?
केन तिनि ह'लेन गृहत्यागी
एइ नवीन वयसे ?
लोकचक्षे दोषी आमि सर्व्वभावे,—
ता' ना ह'ले, गुणमणि मोर
छाड़िबेन केन गृह,—आर
नदीयार ए सुख सम्पद ?
सखि ! बलेछि बड़ दुखे आमि
आर ना देखाव ए पोड़ा मुख
नदीयावासीरे ।

किसीको भी ।
रहें सिर-माथेपर मेरे भागीरथी देवी,
कह रहे कितने लोग कितनी बातें, सखि !
किस-किसके मुखपर धरोगी हाथ तुम ?
नदिया-नागर तुम लोगोंके
गुणमणि मेरे, रूपके रत्न जो थे ।
नदियामें वे
सर्वश्रेष्ठ रूपवान, गुणवान,
प्रधान पण्डित; नव-यौवनमें
छोड़कर नदियाकी यह सुख-सम्पदा,
छोड़कर वृद्धा, शोकविह्वला जननीको,
त्यागकर अभागिनी नारीको,
संन्यास ग्रहण किया है उन्होंने ।
यह क्या उनके संन्यासका समय था ?
किसलिये हुए वे गृह-त्यागी
इस चढ़ती उमरमें ?
लोगोंकी दृष्टिमें दोषी मैं सभी भाँति ।
होती जो न बात यह, गुणमणि मेरे
छोड़ते क्यों घर, और
नदियाकी यह सुख-सम्पदा ?
सखि ! परम दुःखसे कहती मैं—
अब न दिखाऊँगी अपना यह दग्ध मुख
नदियानिवासियोंको ।

गीत

नाथ हे ! प्रिय हे !
कि दुख पाइया तुमि नदे छाड़िले ।
से कथा खुलिये मोरे नाहि वलिले ।।

लोके वले कत कथा,
ताते पाई मने व्यथा,

नाथ हे ! प्रिय हे !
कौन दुःख पा त्याग दिया तुमने नदियाको ?
खोल कही वह वात न दासी विष्णुप्रियाको ।।

जगती नाना वात वनाती,
सुन-सुन जिनको फटती छाती,

नारीर मरम व्यथा,—नाहि वुझिले।	समझ न पाये तुम अवलाकी मर्म-व्यथाको।
ना बलिया चलि गेले, अभागी दासीरे फेले,	चले गये, पर गये न कुछ कह, परिचारिका अभागिन तज यह;
दया माया भालवासा, सब भूलिले॥	भूल गये तुम प्रीति-रीति सब दया-मयाको॥
नदियार सुख भूलि, कोथाय गेले हे चलि,	नदियाके सुखको विसराकर चले गये हे। कहो, कहाँपर?
साधेर संसार-सुखे,—वाद साधिले।	चले ढहा मनचाहे भव-सुखमय कुटियाको॥
(अमितार प्रवेश)	(अमिताका प्रवेश)

अमिता—	**अमिता—**
सखि! विष्णुप्रिये!	सखि! विष्णुप्रिये!
तुमि काँदितेछ केन?	तुम रो रही हो किसलिये?
एसेछे समाचार शान्तिपुर ह'ते,—	समाचार आया है शान्तिपुरसे,—
आर तिन दिन परे,	और तीन दिवस बाद,
फिरिबेन शचीमाता नवद्वीपे	लौटेंगी शचीमाता नवद्वीप,
भक्तगणे ल'ये;	लिये भक्तवृन्दको;
आसिबेन गुणमणि तव जननीर साथे;	आयेंगे गुणमणि तुम्हारे, साथ जननीके
सखि! संवर रोदन।	सखि! रुदन संवरण करो।
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
(अमितार गलदेशे जड़ाइया धरिया काँदिते-काँदिते)	(अमिताके गलेसे लिपटकर रोते-रोते)
सखि! अमिते! कि वलिले?	सखि! अमिते! क्या कहा?
गुणमणि मोर पुनः आसिबेन नदीयाय?	गुणमणि मेरे आयेंगे नदिया फिर?
पड़ूक मुखेते तव पुष्प-चन्दन,	शोभित हो पुष्प और चन्दनसे मुख तेरा,
ह'ये चिरजीवी सुखे थाक	होकर चिरजीवी रहो सुखमें
तुमि, सखि!	तुम सखि!
तव वाक्ये आश्वासित हल मोर प्राण,	वचनोंसे तुम्हारे हुए आश्वासित प्राण मेरे,
पिपासित कर्ण मोर परितृप्त ह'ल।	तृषित कर्ण मेरे परितृप्त हुए।

प्राणहीन देहे मोर आसिल जीवन,	लौट प्राण आये मेरे प्राणहीन तनमें,
सखि ! हेन शुभ दिन हवे कि आमार ?	सखि ! ऐसा शुभ दिन होगा क्या मेरा ?
गणितेछि दिन आमि,	गिनती हूँ दिन मैं,
चेये पथपाने ब'से आछि	पथको निहारती मैं बैठी हूँ,
गुणमणि आसिबेन ब'ले ।	गुणमणि आयेंगे,--यह सोच ।

गीत

(आमि) दिन गणि, बसे आछि, नाथ आसिवे ।	बैठी-बैठी मैं दिन गिनती रहती, आयेंगे प्रियतम ।
दण्डे-दण्डे, पले-पले, स्वप्न देखि जे ॥	स्वप्न यही देखा करती हूँ घड़ी-घड़ी, पल-पल, हरदम ॥
नाथ एसे, देखा दिये प्राणे बाँचावे ।	नाथ बचायेंगे प्राणोंको आकर, देकर निज दर्शन ।
कइ एल, प्राणधन, कोथा गेल से ।	कहाँ पधारे, कहाँ गये वे चले, बताओ, जीवन-धन ॥

समवेत गीत

काञ्चना ओ अमिता—	**काञ्चना और अमिता—**
आस्‌वे गोरा गुणमणि, कें‍द ना सखि ।	गुणमणि गौराङ्ग पधारेंगे, सखि ! तू मत आँसू ढारे ।
देख्‌बो मोरा मनचोरा केमन यति ॥	हम भी देखेंगी, संन्यासी कैसे मनचोर तुम्हारे ॥
सबाइ गेछे, धर्‌ते तारे, जननी निये ।	सभी लोग हैं उनको लेने गये सङ्ग माँको लेकर ।
आस्‌बे फिरि गौरहरि आपन गृहे ॥	आ जायेंगे पुनः लौटकर यहाँ गौरहरि अपने घर ॥
गोरा बामे गौराङ्गिनो बसाव मोरा ।	हम बायें गौराङ्गदेवके गौरीको देंगी बिठला ।
नदे छाड़ि कोथा जावे नदीया गोरा ॥	नदियाके गौराङ्ग जायंगे नदिया तज फिर कहाँ, भला ॥

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने ! अमिते !
हृदिभरा विषादेर माझे,—
प्राणभरा दुखराशि माझे,—
एकमात्र सुखबिन्दु मोर,—
श्रवण,—तोमादेर मुखे,
सुधामाखा प्राणवल्लभेर कथा ।
प्राणसंजीवनी—सुधा इहा मोर
ना कर वञ्चित सखि मोरे,
गौरनाम-सुधासिन्धु-दाने ।
आर किछु नाहि चाइ आमि,
तोमादेर काछे;
भिक्षा मोर एइ,—कह गौर-कथा
गुण गाओ ताँर,—
शुने आमि पराण जुड़ाइ ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने ! अमिते !
हृदयमें भरे हुए विषादके बीच,
प्राणोंमें भरे हुए दुःखपुञ्ज मध्य,
एकमात्र सुखबिन्दु मेरे लिये,—
मुखसे तुम लोगोंके सुनना
सुधासिक्त कथा प्राणवल्लभकी ।
प्राण-संजीवनी सुधा यही मेरे लिये;
करो न मुझे वञ्चित सखि !
गौरनाम-सुधासिन्धु-दानसे ।
और कुछ चाहती हूँ नहीं मैं
तुम सब लोगोंसे;
यही मिले भिक्षा मुझे,—कहो गौर-कथा,
गुण गाओ उनके,—
सुनकर मैं करूँ प्राणोंको शीतल ।

गीत

सखि चरणे तोमार धरि ।
गौरकथा कह,
प्राण जुड़ाओ,
(आमि) गौरविरहे मरि ॥
सकल समय,
कथा रसमय,
(सखि) शुनाओ आमार काने ।
वाचाओ पराण,
सुधा-वरिषणे,
जुड़ाओ तापित प्राणे ॥

सखि ! चरण तुम्हारे धरती ।
गौराङ्गकथाको स्वर दो,
प्राणोंको शीतल कर दो,
मैं गौरविरहमें मरती ॥
सब समय, सभी क्षण, पल-पल,
रसमयी कथा वह केवल,
सखि ! मेरे कानोमें भर ।
सखि ! करो प्राणका रक्षण,
पीयूष मधुर कर वर्षण,
दो तप्त प्राण शीतल कर ॥

सखि। रूपेर माधुरी कह।
किवा से वदन,
किवा से नयन,
किवा सुवलित देह।
सोनार वरण,
गौर रतन,
किवा से मोहन हासि।
रूपेर काहिनी,
कह लो सजनी,
शुनि आमि दिवा-निशि ॥

सखि। रूप मधुर वर्णन कर।
कैसो शोभा आननकी,
कैसी शोभा चितवनकी,
कैसा सुगठित तन सुन्दर ॥
आभा कमनीय कनक सम,
गौराङ्ग रत्न अति अनुपम,
कैसी वह हँसी मनोहर।
रूप-छटाकी कथा सरस,
कह, आली। कहती रह, वस,
मैं सुना करूँ निशि-वासर ॥

काञ्चना—

विरहिणी तुमि, सखि !
विरहेर कथा
व्यथा दिबे प्राणे तव—
सेइ भये थाकि सावधाने सदा मोरा,
अन्य कथाय,—अन्य काजे,—
मन तव भुलाइते चाइ सखि,
किंतु,तुमि यदि भालबास सेइ कथा—
चाह यदि शुनिते,
तव निठुर गुणमणिर गुणराशि—
शत मुखे कहिते प्रस्तुत मोरा,
विस्तारिये से सब काहिनी;
गाबो मोरा उच्चकण्ठे—
तव गुणमणिर गुणगाथा,
धरि जने-जने,
सुख यदि पाओ तुमि मने।
सोयास्ति जाते पाओ तुमि सखि !
मोदेर ताइ अवश्य कर्त्तव्य।

काञ्चना—

तुम सखि ! विरहिणी,
विरह-वार्ता
करेगी व्यथित तव प्राणोंको—
इसी डरसे रहती हैं सावधान सदा हम।
दूसरी चर्चामें, दूसरे काममें,
मन तव भुलाना चाहती हैं, सखि हे !
किंतु तुम्हें रुचिकर यदि वही कथा—
चाहती हो सुनना यदि
निठुर निज गुणमणिकी गुणराशि,
सौ मुखसे कहनेको प्रस्तुत हम
विस्तारपूर्वक वह सब वार्ता;
गायेंगी हम सब ऊँचे स्वरसे
गुणगाथा तव गुणमणिकी
निकट जन-जनके,
सखि ! यदि पाओ सुख मनमें तुम।
पाओ सखि ! शान्ति तुम जिससे,
वही कर्त्तव्य हम सबका आवश्यक।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने।
निठुर ब'ल ना तांके;

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
निठुर कहो न उन्हें।

रूढ़कथा ताँर प्रति	अभियोग-आरोप उनके प्रति
शोभा नाहि पाय।	शोभा नहीं देता है।
अकलङ्क नदीयार चाँद, मोर गुणमणि,—	अकलङ्क नदियाके चाँद, मेरे जो गुणमणि,
दयामय तिनि,—गुणेर सागर तिनि।	करुणामय वे, सागर वे गुणके।
अभागिनी आमि,—अबोधिनी बाला,	मैं अभागिनी, बाला अबोधिनी,
कि बुझिब महिमा ताँहार?	समझूँगी महिमा क्या उनकी?
कि बुझिब ताँर गुणराशि?	जानूँगी गुणराशि क्या उनकी?
ताँर काजे नाइ कोन दोष;	कोई दोष नहीं उनके किसी कार्यमें;
दृष्टेर दोषे आमि दोषी;	भाग्यके ही दोषसे दोषी मैं,
शत अपराधिनी पदे आमि ताँर—	शत अपराधिनी मैं चरणोंमें उनके—
सहि ताइ एत मनस्ताप।	इसीसे सहती हूँ इतना मनस्ताप।
सखि! गुण गाओ ताँर,	सखि! गुण गाओ उनके,
शुने आमि जुड़ाइ जीवन।	सुनकर मैं शीतल करूँ प्राणोंको।
अमिता—(चमकित भावे)	**अमिता**—(चौंककर)
सखि काञ्चने!	सखि काञ्चने!
शुनि महाकोलाहल बहिर्द्वारे,	सुनती हूँ, महाकोलाहल बहिर्द्वारपर
आसितेछे बहुलोक एइ दिके।	आ रहे हैं बहुत लोग इसी ओर।
बुझि शचीमाता,	प्रतीत होता है शचीमाता
एलेन शान्तिपुर ह'ते,—	आयी हैं शान्तिपुरसे;
जाइ देखि गिये।	जाकर देखूँ तो।
(उभयेर प्रस्थान)	(दोनोंका प्रस्थान)
श्रीविष्णुप्रिया—(निज मने)	**श्रीविष्णुप्रिया**—(स्वगत)
एसेछेन मा जननी—पुत्र ल'ये,	आयी हैं जननी माँ—पुत्रको लेकर
शान्तिपुर ह'ते,	शान्तिपुरसे।
आमि आर जाब कोथा?	जाऊँ कहाँ मैं अब?
वसे थाकि घरे।	बैठी रहूँ घरमें।
आसिवेन जवे गृहे गुणमणि मोर,	आयेंगे घरमें जब गुणमणि मेरे,
तखन कि करिव आमि?	क्या करूँगी उस समय मैं?—
ताइ भावि ब'से ब'से;	बैठे-बैठे सोचूँ मैं यही।

बुक मोर काँपितेछे केन ?
हृदि केन करे दुरु-दुरु,
स्थिर ह'ये दाँड़ाइते नारि आमि,—
सर्व्व अङ्ग काँपे थर-थर;
काछे नाहि केह,—किवा करि आमि,—
देखि करिया शयन ।

(भूमितले शयन)
(मालिनी, सर्व्वजया प्रभृति प्रतिवेशिनीगणसह शचीमातार प्रवेश)

शचीमाता—

कइ ! मालिनी दिदि !
आमार बौमा कोथाय ?
देखि नाइ तारे, आज आट दिन ह'ल,
राखि तारे एकाकिनी हेथा—
पाइ नाइ मने बिन्दुमात्र सुख ।
तार सेइ काँद-काँद म्लान मुख खानि,
पड़ित सदाइ मने मोर ।
आहा ! बाछा आमार,
केंदेछे कतइ गृहे बसि,
भेवेछे कतइ
कचि मेये ।
कत दुख पेयेछे मने ते ।
कइ दिदि । कइ ? बौमा कोथाय ?
काञ्चने ! कोथा तोर सखि ?
आछे त भाल बाछा आमार ?

काञ्चना—

मागो ! बल आगे, कोथा तव पुत्र ?
कोथा राखि ताँरे,
एले एकाकिनी तुमि घरे ?
मागो ! जान ना कि तुमि

किसलिये मेरी थर्राती छाती है ?
धड़क रहा हृदय क्यों ?
स्थिर हो खड़ी रह न पाती मैं,
सारे अङ्ग काँपते हैं थर-थर;
पास नहीं कोई,—करूँ क्या मैं,—
लेटकर देखूँ ।

(पृथ्वीपर लेटना)
(मालिनी, सर्वजया आदि पड़ोसिनियोंके साथ शचीमाताका प्रवेश)

शचीमाता—

कहाँ ? मालिनी दीदी !
कहाँ बहूमाँ मेरी ?
देखा नहीं उसको, आज आठ दिनसे.
छोड़ अकेली यहाँ उसको
मिला नहीं मनको लवमात्र सुख ।
उसका वही रुदन-म्लान मुखड़ा
छाया रहता सदा मेरे मनमें ।
आह ! लाड़ली मेरी,
रोई है कितनी वह घरमें बैठ;
डूबी कितनी चिन्ताओंमें रही है वह,
अबोध बालिका ।
कितना दुख पायी है मन-ही-मन ।
क्यों ? दीदी ! कहाँ, बहूमाँ कहाँ है ?
काञ्चने ! कहाँ सखी तेरी ?
सकुशल तो है मेरी बच्ची ?

काञ्चना—

माँ ! पहले बताओ, कहाँ तुम्हारे पुत्र ?
कहाँ छोड़ उनको
आयी हो अकेली तुम घरमें ?
माँ ! जानती हो नहीं क्या तुम,—

विरहिणी बोमा तोमार	विरहिणी बहू माँ तुम्हारी
आछे पथ पाने चेये !	देख रही पथकी ओर।
आछ प्रतिश्रुत तुमि तार काछे	वचन दिया तुमने है उसको--
पुत्र ल'ये फिरिबे नदीयाय।	'लौटूँगी नदियामें पुत्रको लेकर'।
कइ ? मागो ! नदीयार चाँद कोथा ?	कहाँ ? माँ ! नदियाके चाँद कहाँ ?
आँधार नदीया--	अंधकार-ग्रस्त नदिया,
आँधार ए गृह-संसार,—	अंधकार-ग्रस्त यह गृह-संसार,
आँधार हृदय बोमार तव,	अन्धकारमय हृदय तुम्हारी बहूमाँका,
उज्ज्वल करिबे के ?	उद्भासित करेगा कौन
बिने नदीयार चाँद	बिना नदिया-चाँदके ?
कोथा रेखे एले तारे ?	कहाँ छोड़ आयी हो उनको ?
कोन देश,—कार गृह करिया उजल	किस देशमें, किसका गृह भासितकर,
विराजिछेन नवद्वीपचन्द्र।	विराज रहे नवद्वीप-चन्द्र ?
बल मागो ! त्वरा करि बल।	बताओ माँ ! शीघ्र बताओ।

शचीमाता—	**शचीमाता**—
(अधोवदने वहुक्षण काँदिते-काँदिते धरासने उपवेशन)	(अवनतमुख वहुत देरतक रोते-रोते पृथ्वीपर वैठना)
काञ्चने ! कि आर बलिब तोरे ?	काञ्चने ! अब क्या बताऊँ तुमको ?
बड़इ कठिन हृदय मोर,	बड़ा ही कठोर हृदय मेरा।
विधाता,—वसि निरजने	विधाताने बैठकर एकान्तमें
गड़ेछेन पाषाण दिये इहा;	गढ़ा है पाषाणसे इसको।
महा पातकिनी आमि,—	महा पातकिनी मैं,
अभागिनी मोर सम—	मुझ-सी अभागिनी
नाइ केह त्रिजगत माझे।	नहीं कोई त्रिभुवन बीच।
एकमात्र जीवनेर ध्रुवतारा,	जीवनका एकमात्र ध्रुवतारा,
नयनेर मणि,—अन्धेर यष्टि मोर	नयन-मणि, अंधेकी लकड़ी मेरी,
बाप विश्वम्भर;	लाल विश्वम्भर;
ह'ये जननी ताहार	होकर भी माँ मैं उसकी
दियेछि विदाय बाछारे,	दी है विदाई अपने लालको
नीलाचले जेते।	नीलाचल जानेके लिये।

से जे सर्व्व-समक्षे चाहिल विदाय,	उसने जो सबके सामने विदा माँगी
स्थिरभावे बलिल आमारे,	और बोला मुझसे स्थिर भावसे,—
"मा ! आदेश तव शिरोधार्य्य मोर"	"माँ ! तुम्हारा आदेश शिरोधार्य है मुझे।"
तार परिधाने रक्ताम्बर,—	गैरिक परिधान उसका,
करे दण्ड-कमण्डलु—मुण्डित मस्तक,—	हाथमें-दण्ड कमण्डलु, मुण्डित मस्तक,—
देह महा ज्योतिर्म्मय;	महा-ज्योतिर्मय देह;
महा भय ह'ल मने,	अत्यन्त भय हुआ मनमें
बलिते ताहारे,—	कहनेमें उसको—
छाड़ि यतिधर्म्म,—	छोड़ यतिधर्मको,
पुनः फिरिते संसारे।	संसारमें लौटनेके लिये फिर।
मन ह'ल मोर,	मनमें हुआ मेरे,—
हेरि महा ज्योतिर्म्मय सेइ प्रशान्त मूरति,	देख महाज्योतिर्मय उस प्रशान्त मूर्तिको,
महा महिमामय भावपूर्ण,	महा महिमामय, भावपूर्ण,
तार वदन-मण्डल;	उसका बदन-मण्डल,
इनि जेन मोर पुत्र नन्;	मानो ये मेरे पुत्र नहीं;
त्रिजगत नाथ,	त्रिजगतनाथ,
जीवेर उद्धार लागि,	जीवोंके उद्धार हेतु—
बुझि धरि एइ संन्यासीर वेश	प्रतीत होता है धरकर यह संन्यासी-वेश,
अवतीर्ण धराधामे—	अवतीर्ण हुए हैं इस धराधामपर—
एइ बोध हल।	यही बोध हुआ।
विस्मरिनु पुत्रभाव;	भूल गयी पुत्रभाव,
भय ह'ल मने,—	भय हुआ मनमें,
नारिनु तार धर्म्मे बाधा दिते;	दे सकी बाधा नहीं उसके धर्ममार्गमें।
भाविलाम मने-मने,—	सोचा मैंने मन-ही-मन—
आमार स्वार्थेर हेतु,	अपने स्वार्थहेतु,
संसारेर सुख-लालसाय,	सांसारिक सुख-लालसा निमित्त,
ज्वालामय संसार-बन्धने,	ज्वालामय संसार-बन्धनमें
किवा फल बाँधि पुनः,	किसलिये फिर बाँधूँ
एइ पुरुष-रतने—	इस पुरुष-रत्नको।
भक्तगणे सबे,—चेयेछिलेन मोर मुख	भक्तगण सभी देखते थे मेरी ओर

एकटि मुखेर कथा तरे,—	मेरे मुखकी एक ही उक्तिके लिये ।
"एस बाप विश्वम्भर !	"आओ, लाल विश्वम्भर !
गृहे चल मोर साथे"	घर चलो मेरे साथ ।"--
एइ ब'ले हात खानि ध'रे तार	ऐसा कह हाथ पकड़ उसका
डाकिताम यदि एकबार आमि स्नेह भरे:	एक बार यदि मैं पुकारती स्नेह सहित,
निश्चय आसित से गृहे फिरि ।	निश्चय ही आता वह घर लौट ।
किंतु काञ्चने !	किंतु काञ्चने !
आमा ह'ते ह'ल ना से काज ।	हुआ नहीं मुझसे वह काम ।
ह'लेन क्षुण्ण भक्तगण सबे,	हो गये व्यथित भक्तगण सभी,
हलेन क्रुद्ध केह-केह आमार उपरे,	कोई-कोई क्रुद्ध हुए मुझपर ।
कि करिब आमि ?	क्या करूँ मैं ?
पुतुलेर मत मोरे नाचाल' निमाइ ।	पुतलीकी भाँति मुझे नचाया निमाईने ।
तार यदि धर्म्मरक्षा हय,	धर्म्मकी रक्षा यदि उसके हो,
मने सुख हय तार यदि,	मनमें सुख यदि उसके हो,--
जाते हय जगतेर मङ्गल	जिससे हो मङ्गल जगत्का,
सेइ काज आमार कर्त्तव्य ।	वही कार्य कर्तव्य मेरा है ।
ताइ मा ह'ये	इसीलिये माँ होकर
विदाय दिनु पुत्रधने,	विदा दे दी मैंने पुत्रको,
नीलाचले जेते चिरतरे ।	नीलाचल जानेको चिरकालके लिये ।
मोर एइ काजे यदि	यदि मेरे इस कार्यसे
तोमरा दुःख पाओ मने,	तुम सब दुःख पाओ मनमें,
हृदे पाओ व्यथा यदि,	हृदयमें पाओ यदि व्यथा,
क्षमा कर सबे मिले,—	सब मिलकर क्षमा करो,--
पागलिनी ब'ले,--क्षमाकर सबे ।	पगली मुझे समझकर क्षमा करो सभी ।
(क्रन्दन)	(क्रन्दन)
काञ्चना—(स्वगत)	**काञ्चना**--(स्वगत)
गौराङ्गजननी इनि,	गौराङ्गजननी ये,
ताँर उपयुक्त काज इहा—	इनके अनुरूप कार्य यही--
जगन्माता जगज्जीव-उद्धारेर तरे,--	जगज्जीवोंके उद्धार हेतु जगज्जननीने
पुत्रधने दिलेन विदाय;	पुत्रको कर दिया विदा ।

समस्त जगज्जीव संतान ताँहार,—
जगतेर हिताकाङक्षिणी तिनि,—
ताइ एइ अपूर्व्व स्वार्थत्याग ताँर ।
शचीमाता जगन्माता आदर्श जननी,
यतिधर्म्म-रक्षा हबे पुत्रेर ताँहार,
जगतेर जीव हइबे उद्धार,
पुत्र ह'ते ताँर—
एइ भावि,—
जगज्जननी मोर, दिलेन चिर विदाय
ताँर पुत्रधने
नारी-जीवनेर उच्च आदर्श,
इहा ह'ते कि ह'ते पारे आर ।

मालिनी—

दिदि ! चल, घरे चल;
तोमार बौमाके देख गिये ।

(हस्त-धारण करिया आङ्गिना हइते गृहे आनयन)

शचीमाता—

(श्रीविष्णुप्रियाके देखिया)

एइ जे बौमा आमार ।
मा लक्ष्मी आमार !
भूमिशय्याय केन मा ! करेछ शयन ?
उठ मागो ! धरि बुके तोमा
जुड़ाइ जीवन ।
तोमाके धरिले बुके,—
दुःखेर सागर माझे;
सुखबिन्दु उथलिया उठे,—
सोनार निमाइ चाँदेर
अदर्शन-ज्वाला
साम्य हय किछु ।

जगत्के जीव सभी संतान उनकी,
जगत्की हिताकाङ्क्षिणी वे,
इसीलिये यह उनका अपूर्व स्वार्थत्याग ।
शचीमाता जगन्माता,—आदर्श जननी;
रक्षित यतिधर्म होगा पुत्रका उनके,
जगत्के जीवोंका होगा उद्धार,
पुत्र द्वारा उनके—
यही सोच
मेरी जगज्जननीने चिर विदा दे दी
अपने पुत्ररत्नको ।
नारी-जीवनका उच्च आदर्श
इससे बढ़कर क्या हो सकता और?

मालिनी—

दीदी ! चलो, घर चलो;
अपनी बहूमाँको देखो जाकर ।

(हाथ पकड़कर आँगनसे घरमें ले आना)

शचीमाता—

(श्रीविष्णुप्रियाको देखकर)

यह देखो बहूमाँ मेरी,
लक्ष्मी बहू मेरी !
पृथ्वीपर किस हेतु लेटी है तू ?
उठो, बेटी ! छातीसे लगा तुमको
शीतल करूँ जीवनको ।
तुमको लगानेपर वक्षसे,—
दुःख-पारावारमें
सुख-बिन्दु उछल उठता है;
सोनेके निमाई चाँदको
न देख पानेकी ज्वाला
शमित होती कुछ-कुछ ।

एस मागो ! कोले एस,	आ बेटी ! गोदमें आ,
चुम्बि तव चाँदमुख जुड़ाइ पराण ।	चूम तव चन्द्रमुख शीतल करूँ प्राण ।
पिपासित आमि;	प्यासी हूँ मैं,
त्वरा करि मागो, आन तुमि जल ।	शीघ्रतासे, बहूमाँ ! लाओ तुम जल ।
(श्रीविष्णुप्रियार उठिया जलदान)	(श्रीविष्णुप्रियाका उठकर जल देना)
श्रीविष्णुप्रिया—(काँदिते-काँदिते)	**श्रीविष्णुप्रिया**—(रोते-रोते)
मागो ! तुमि एकाकिनी केन ?	माँ ! तुम अकेली क्यों ?
तिनि कोथाय ?	वे कहाँ हैं ?
कोथा ताँरे रेखे एले बल, मा ! आमाय ?	कहाँ उन्हें छोड़कर आयी हो बताओ, माँ !
शचीमाता—	**शचीमाता**—
बउमा ! बड़ निदारुण कथा,	बहू माँ ! अत्यन्त दारुण कथा,
शुनाइते ह'ल तोरे आज ।	सुनानी पड़ी तुझे आज ।
काञ्चनाके बलियाछि सब,	काञ्चनाको कह चुकी हूँ सब,
तोमाकेओ बलि, शुन,—	तुमको भी कहती हूँ, सुनो—
बड़इ कठिन हृदय मोर,	बड़ा ही कठोर मेरा हृदय है
विधातार कि विधि जानि ना,—	विधाताका क्या विधान ? जानती नहीं,—
नारायणेर कि जे इच्छा ?—	क्या है इच्छा नारायणकी ?—
किछुइ ना बुझि ।	कुछ भी समझती नहीं ।
मोर पोड़ा मुख ह'ते	मेरे दग्ध मुखसे
शुनिबे मोर विरहिणी पुत्रवधु,	सुनेगी विरहिणी पुत्रवधू मेरी—
पुत्र मोर हयेछे संन्यासी ।	पुत्र मेरा हो गया संन्यासी ।
क'रे मस्तक मुण्डित,	मस्तक मुड़ाकर,
हाते ल'ये दण्ड-कमण्डलु,—	हाथमें दण्ड-कमण्डलु ले,
परिधाने रक्ताम्बर,—	धारणकर गैरिक पट,
'हरे कृष्ण हरि' ब'ले	कहते हुए 'हरे कृष्ण, हरि' !
दुइ बाहु तुले नाचिते-नाचिते	दोनों बाहोंको उठा नाचते-नाचते
चलिल से नीलाचलधामे ।	चल पड़ा वह नीलाचल धामको ।
मा ह'ये पुत्रधने आमि	माँ होकर भी मैंने पुत्रधनको
दिनु विदाय सर्व्वसमक्षे;	विदा किया सबके समक्ष
तार धर्म्म-रक्षा तरे ।	उसके धर्मकी रक्षाके लिये ।

गृहे ना फिरिबे आर,	घर नहीं लौटेगा अब,
सोनार निमाइ चाँद,——	सोनेका निमाई चाँद,——
क'रे गेल शेष देखा मोर सने,——	कर गया मेरे साथ अन्तिम मिलन
शान्तिपुरे अद्वैतभवने ।	शान्तिपुरमें घरमें अद्वैतके ।
बौमा शुनिले त ?	सुन लिया तो तुमने बहूरानी ?
एखन एस,——बसि दुइ जने	आओ अब——बैठ दोनों जनी
नदीयाय गौरशून्य गृहे,——	नदियाके गौरशून्य गृहमें
करि गला जड़ाजड़ि,——	परस्पर गले लिपट
काँदि दिवानिशि;——जत दिन बाँचि ।	रोयें दिनरात,——जितने दिन जीवित रहें ।
आमादेर करुण क्रन्दने,——	हमारे करुण क्रन्दनसे
द्रव हबे,	द्रवित होगा
कलिजीवेर पाषाण हृदय ।	पाषाण हृदय कलियुगी जीवोंका ।
आमादेर नयनेर अश्रुधारे,	अश्रुधारा हमारे नयनोंकी
बहाइबे जगते	करेगी प्रवाहित जगतमें,
करुणार वेगवती नदी,	करुणाकी वेगवती सरिता
घरे-घरे, प्रति जीव हृदे,——	घर-घरमें प्रत्येक जीवके हृदयमें ।
आमादेर हा हताश ओ तप्त श्वासे	हताश हाहाकार तथा तप्त उच्छ्वास हम दोनोंका
आलोड़िबे,—घुर्णी वायुमत,——	आलोड़ित कर देगा, चक्रवातके समान,
पापी-तापीर हृदय-समुद्र;	हृदय-सिन्धु पापी और संतापी जीवोंका;
तबे ह'बे तादेर हृदय-शोधन;	तभी होगा उन सबका हृदय-शोधन,
तबे जीव हइबे उद्धार;	तभी होगा जीवोंका उद्धार;
तबे पूर्ण हबे अभिलाष	तभी होगी अभिलाषा पूरी
नदीयाचाँदेर ।	नवद्वीप-चन्द्रकी ।
जीवबन्धु तिनि,——	जीवोंके बन्धु वे,——
दुखी तापी पापी जीव लागि,	दुःखी, संतप्त, पापी जीव हेतु,
नदीयाय एइ करुणार लीला ताँर ।	नदियामें यह करुण लीला उनकी ।
लीला-सहायिनी मोरा दुइ जन,	लीला-सहायिका हम दोनों जनी ——
पत्नीरूपे तुमि,—आमि मातृरूपे,——	तुम पत्नीरूपमें,—मैं मातृरूपमें,——
मोरा नट, तिनि सूत्रधार ।	हम हैं नटी, वे सूत्रधार ।

जे भावे जाहाके नाचाबेन तिनि,–	जिस प्रकार जिसको नचायेंगे वे,
नाचिते हइबे ।	नाचना ही होगा ।
शेष कथा,—सार कथा,—	अन्तिम बात,—सार बात,
बलिनु तोमारे,	कह दी तुम्हें ।
एखन एस,—गृहे बसि	यहाँ आओ, घरमें बैठ,
हा गौर, गौराङ्ग ब'ले	'हा गौर, गौराङ्ग; कहकर,
प्राण भरे काँदि दुइ जने ।	जी भरके रोयें हम दोनों ।
(श्रीविष्णुप्रियाके कोले लइया क्रन्दन)	(श्रीविष्णुप्रियाको गोदमें लेकर रोना)

गृहेर बहिर्द्वारे भक्तगणेर गीत — **गृहके बहिर्द्वारपर भक्तगणका गान**

कीर्त्तन

व्रजेर खेला छिल वाँशिर गाने ।	व्रजका था तव खेल— मुरलिकामें स्वर भरना ।
नदेर खेला एवार हरिनामे ॥	नदियाका अब खेल— नाम रटना, जप करना ॥
व्रजेर खेला छिल वने भ्रमण ।	व्रजपुरका था खेल उस समय वन-वन विहरण ।
नदेर खेला एवार केवल रोदन ॥	आज खेल नदियाका बस, लोचन-जल - वर्षण ॥
आय, सवे काँदि मोरा;	आओ, हम सब आँसू ढारें,
संन्यास करेछे गोरा,	गौर वेश संन्यासी धारें,
ताँहार जननी काँदे, धूलाते प'ड़े ।	उनकी जननी करती रुदन पछाड़े रजमें खाकर ।
नदीयार राणी काँदे,— वसिये घरे ॥	नदियाकी रानी रोती है वैठी घरके भीतर ॥
आय, सवे नाम करि,	आओ, हम सव नाम उचारें,
गौर गौराङ्ग हरि,	'गौर हरे, गौराङ्ग' पुकारें ;
हरे कृष्ण हरे राम, (जे) दिये छे जीवे ॥	हरे कृष्ण हरे राम—मन्त्र महा, जिसने दे जीवोंको उन्हें कहा,
वोल हरि वोल, वोल हरि वोल, गौर हरि वोल ।	वोल हरि वोल, वोल हरि वोल, गौर हरि वोल ॥
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
(पट-परिवर्तन)	(पट-परिवर्तन)

चतुर्थ अङ्क ।

(प्रथम गर्भाङ्क)

दृश्य—नदीयार राजपथे नीलाचल हइते प्रत्यागत भक्तवृन्देर समवेत ।

श्रीवास—

नीलाचल ह'ते,
सुसंवाद एनेछि एवार;
नवद्वीपचन्द्र आसिबेन पुनः नदीयाय,
जननी ओ जन्मभूमि दरशन हेतु;—
संन्यासीर धर्म्म नहे
गृहे आगमन;
तबे शास्त्रमते,
जननी ओ जन्मभूमि दरशन—
जीवने कर्त्तव्य मात्र एकबार ।
चल सबे भक्तगण,
ए शुभ संवाद,
आगे गिये देइ शचीमाके ।
आहा ! पुत्र-विरह-दहने,
अहरहः दग्ध मा जननी,
शुधुमात्र मुख चेये बालिका वधूर,
तिनि रेखेछेन जीवन ।
ए शुभ संवादे देवी विष्णुप्रियार
अर्द्धमृत देहे आसिबेक प्राण,
चल सबे मिलि,
जाइ अग्रे गौराङ्गभवने ।

(भक्तवृन्द सह श्रीवास पण्डितेर श्रीगौराङ्गभवने प्रवेश एवं शचीमाताके प्रणाम-करण)

दृश्य—नदियाके राजपथपर नीलाचलसे लौटे हुए एकत्रित भक्तवृन्द ।

श्रीवास—

नीलाचलसे
सुसंवाद लाये हैं,—अबकी बार
नवद्वीपचन्द्र आयेंगे पुनः नदिया,
दर्शनार्थ जननी-जन्मभूमिके ।
धर्म नहीं संन्यासीका
आना पूर्वाश्रमके गृहमें;
तब भी शास्त्र-मतसे
जननी तथा जन्मभूमिका दर्शन
करनेका विधान मात्र एकबार जीवनमें ।
चलो सब भक्तगण,
यह शुभ संवाद
आगे बढ़कर दें शचीमाँको ।
पुत्र-विरह-ज्वालामें आह !
अहरहः दग्ध माँ जननी—
केवल, बस, मुख देख नन्ही-सी बहूका
जीवनको रखे हुई हैं वे ।
इस शुभ संवादसे देवी विष्णुप्रियाके
अर्द्धमृत देहमें होगा प्राण-संचार ।
चलो, सब मिलकर
प्रथम चलें श्रीगौराङ्गके घर ।

(भक्तवृन्दके साथ श्रीवासपण्डितका श्रीगौराङ्गभवनमें प्रवेश एवं शची-माताको प्रणाम करना ।)

श्रीवास-प्रमुख भक्तगण—
कर आशीर्व्वाद माता ।
एसेछि मोरा सबे नीलाचल ह'ते ।

श्रीवास-प्रमुख भक्तगण—
दो आशीर्वाद, माँ !
आये हैं हम सब नीलाचलसे ।

शचीमाता—
पण्डित श्रीवास ! दामोदर !
मुकुन्द ! मुरारि ! जगदानन्द !
तुमि सबे फिरे एले क्षेत्र ह'ते,
सोनार निमाइचाँद मोर,
आछे त कुशले ?
से कि नाम करे
तार दुखिनी मायेर ?
किछु कि से ब'ले देछे तोमादेरे ?
बल, बल, शीघ्र बल मोरे !

शचीमाता—
पण्डित श्रीवास ! दामोदर !
मुकुन्द ! मुरारि ! जगदानन्द !
तुम सब लौटकर आये हो क्षेत्रसे,
सोनेका निमाई चाँद मेरा,
कुशलसे है तो ?
वह क्या याद करता है
निज दुखिया माताको ?
तुम सबको उसने कुछ कहा है क्या ?
कहो, कहो, शीघ्र कहो मुझसे ।

श्रीवास—
मागो ! पुत्र तव आछेन कुशले;
दियेछेन जगन्नाथेर प्रसाद तिनि,
तोमादेर तरे ।
पण्डित दामोदरेर हाते,
दियेछेन गुणनिधि पुत्र तव
बहुमूल्य प्रसादी वस्त्र एकखानि,
तोमार वधुमातार तरे ।
उड़िष्याधिपति,
महाराज गजपति प्रतापरुद्र,
दियेछिलेन भेट् एइ पटवस्त्र भक्तिभरे
तव पुत्रवरे;
मागो ! तिनि कातर
सतत तव तरे,
जिज्ञासेन वार्त्ता तव,
धरि जने-जने नदीयार लोके;

श्रीवास—
माँ ! कुशलसे हैं पुत्र तुम्हारे,
दिया है उन्होंने प्रसाद जगन्नाथका
तुम सबके लिये ।
पण्डित दामोदरके हाथ
दिया है गुणनिधि पुत्रने तुम्हारे
बहुमूल्य प्रसादी वस्त्र एक
लिये तुम्हारी बहूरानीके ।
उड़ीसाधिपति,
महाराज गजपति प्रतापरुद्रदेवने
दिया था भेंट यह पाटम्बर भक्तिसे भरकर
तव पुत्रवरको ।
माँ ! रहते हैं कातर वे
सतत तुम्हारे लिये,
पूछते हैं वार्ता तुम्हारी
पकड़कर नदियाके एक-एक व्यक्तिको;

बलिलेन तिनि सर्व्व-समक्षे ।
छाड़ि मातृसेवा,—छाड़ि गृहवास,
संन्यास करिया ताँर मने नाइ सुख ।
थाके पड़े मन ताँर सदा,
चरण-कमले तव;
देखिलाम महा दुखी तिनि ।

बोले वे सबके समक्ष ही ।
छोड़कर मातृसेवा, छोड़कर गृहवास,
संन्यास-धारणसे सुख नहीं उनके मनमें;
रहता है पड़ा सदा मन उनका
चरण-कमलोंमें तुम्हारे,
देखा मैंने महादुःखी उनको ।

शचीमाता—

सोनार निमाइचाँद मोर,
स्मरण करिछे मोरे क्षेत्रे ब'से;
अनाथिनी जननीर नाम,
एतदिन परे
तार मने जे पड़ेछे,
एइ मोर परम सौभाग्य ।
बहु भक्त तार बहुभावे,
दिये अकपट प्रीति भालबासा,
करे सेवा तार,
करे तुष्ट मन तार बहु जने,
उत्तम भोजन दाने;
किसेर अभाव तार ?
स्नेह, प्रेम, प्रीति-भालबासार
छिल बुझि अभाव तार एइ गृहे;
त्रुटि हत भोजनेर बुझि तार
मोर काछे,
ता ना ह'ले
ह'बे केन गृहत्यागी बाछा,
पण्डित श्रीवास ! सत्य करि बल,
निमाइचाँद कखन
कि तार मार नाम करे ?

शचीमाता—

सोनेका निमाई चाँद मेरा,
स्मरण करता है मुझे क्षेत्रमें बैठकर;
अनाथिनी जननीका नाम
इतने दिन बाद भी
मनमें जो आया है उसके,
यही मेरा परम सौभाग्य ।
अनेक भक्त उसके अनेक भावोंसे
अकपट प्रीति-प्रेमद्वारा
करते हैं सेवा उसकी,
करते हैं संतुष्ट उसका मन अनेक जन
उत्कृष्ट भोजन समर्पणसे;
उसको अभाव किस वस्तुका ?
स्नेह, प्रेम, प्रीति, प्यारका
जानती हूँ उसको था अभाव इस घरमें;
प्रतीत होता है त्रुटि रह जाती थी
भोजनमें उसके
मेरे समीप,
होती जो न बात यह
होता क्यों गृहत्यागी लाल ?
पण्डित श्रीवास ! सच-सच कहो
निमाई चाँद कभी
करता क्या याद माँको अपनी ?

श्रीवास—	**श्रीवास—**
मागो ! सत्य कहि,	माँ ! सत्य कहता हूँ
स्पर्शि तव चरणयुगल,	छूकर तव चरणयुगल—
पुत्र तव मातृभक्त-शिरोमणि;	पुत्र तव मातृभक्त-शिरोमणि;
शुनिलेइ नाम तव	सुनकर ही नाम तुम्हारा,
कारओ मुखे,	किसीके भी मुखसे
उठे शिहरिया तिनि,	उठते हैं सिहर वे,
झुरेन अझोर नयने नतमुखे ।	झूरते हैं वे अवनतमुख अजस्र अश्रुपूर्ण नयनोंसे ।
छाड़ि सर्व्व कर्म्म, कहेन तव कथा;	छोड़ सभी काम कहते हैं तुम्हारी बात;
एकान्ते बसिया, मन दिया,	बैठ एकान्तमें, मनसे
शुनेन गृहेर बारता तिनि	सुनते हैं बात घरकी वे
नदीयावासीर मुखे ।	नदियानिवासियोंके मुखसे ।
हेथा हइये विह्वल, जवे तुमि,	यहाँ होकर विह्वल तुम जिस समय
पुत्रधने करह स्मरण,	पुत्रधनको करती हो स्मरण,
अनुरागभरे नाम करि डाकह ताँहारे,	प्रेमसहित यादकर उनको पुकारती हो,
आविर्भाव हय ताँर नदीयाय,	आविर्भाव होता है नदियामें उनका
तव काछे;—करेन ग्रहण प्रेमभरे	तुम्हारे पास; करते हैं ग्रहण स्नेहसहित
तव दत्त उपचार	तुम्हारे द्वारा दिये उपचार,
अन्न-व्यञ्जन ।	अन्न, व्यञ्जनको ।
हये अभिभूत ताँर वैष्णवी मायाय	अभिभूत हुई वैष्णवी मायासे उनकी
तुमि, मागो !	तुम, माँ !
देखियाओ नाहि देख ताहा;	देखकर भी देख नहीं पाती हो उनको,
बुझियाओ नाहि बुझ,	जानकर भी नहीं जानती हो,
"के खाइल तव भोगेर अन्न-व्यञ्जन ?"	"खा लिया किसने रखा भोगके लिये अन्न-व्यञ्जन तुम्हारा",
एइ बलि कर हाहाकार ।	कहकर यों करती हो हाहाकार ।
मने करि देख देखि मागो ।	याद करके देखो तो, माँ !
एइ विजया-दशमी दिने,	इसी विजया-दशमीके दिन,
राँधि नानाविध शाक-व्यञ्जन,	बनाकर नानाविध शाक-व्यञ्जन,
स्मरि पुत्रधने तव,	स्मरणकर पुत्रधनको अपने,

लागाइले भोग नारायणे;	लगाया नारायणको भोग,
काँदिते काँदिते ।	रो-रोकर ।
करि नयन मुद्रित, भोग-मन्दिर-द्वारे	आँखोंको मूदकर, भोग-मन्दिर-द्वारपर,
बसेछिले ध्याने जबे तुमि,	बैठी थीं ध्यानमें जब तुम,
नवद्वीपचन्द्र आसि अलक्षिते,	नवद्वीपचन्द्र आकर अलक्षित
प्रेम भरे करिला भोजन समुदाय ।	प्रेमसहित खा गये सभी कुछ ।
खुलि आँखि हेरि शून्य पात्र,	खोल आँख देखकर रिक्त पात्र,
हइये आश्चर्य्य	होकर आश्चर्यचकित,
भाविले तुमि मने-मने,	सोचती थीं मन-ही-मन तुम--
भोजन करिल के ?	'भोजन किया किसने ?
नारायणेर भोग नष्ट ह'ल,	नष्ट हुआ भोग नारायणका,
इहा भावि,--ईशानके डाकिये,	सोच ऐसा, बुला ईशानको
स्थान परिष्कारि	स्थान स्वच्छ कराकर,
करिले तुमि रन्धन,	तुमने रसोई की,
पुनराय भोग दिब बलि ।	फिरसे लगानेके हेतु भोग ।
मागो ! नीलाचले बसि,	माँ ! बैठ नीलाचलमें
तव पुत्र मुखे शुनिलाम	तव पुत्र मुखसे सुनी मैंने
ए सब अद्भुत काहिनी ।	अद्भुत कथा यह सब ।
पुत्र तव साक्षात् नारायण;	पुत्र तुम्हारा साक्षात् नारायण है,
मने बुझि देख ।	मनमें विचारकर देखो ।
तव विश्वास तरे	तुमको विश्वास हो, इसलिये
बलिलेन तिनि हाते धरि	कही उन्होंने हाथ पकड़
मोर काने-काने--एइ गुह्य कथा	मेरे कानमें धीरेसे इस गुप्त बातको;
करिलेन अनुरोध, पुनः बलिते तोमाय ।	किया अनुरोध फिर तुम्हें कहनेके लिये ।
मागो ! विश्वास करह मोर वाणी,	माँ ! करो विश्वास मेरी बातका,
पुत्र तव नहे सामान्य मानव,--	सामान्य मानव नहीं पुत्र तव;
पूर्व्वे तुमि जानियाछ इहा ।	जान चुकी पहले ही हो तुम इसे ।
भाग्यवती तुमि,	भाग्यवती तुम,
गर्भे तव हयेछेन उदय,	गर्भसे तुम्हारे हैं प्रकट हुए,
त्रिजगत्-पति पुत्ररूपे ।	त्रिजगत्-पति पुत्ररूप धारणकर ।

शचीमाता—

पण्डित श्रीवास !
जत किछु बल तुमि,
किछु नाहि बुझि;
निमाइचाँद पुत्र मोर,
आमि तार अभागिनी माता;
भाग्यदोषे पुत्र मोर
हयेछे संन्यासी ।
छाड़ि गृहवास, छाड़ि वृद्धा माता,
छाड़ि तार बालिका रमणी,
से आछे नीलाचले ।
इहा भिन्न आर किछु नाहि जानि आमि ।
पण्डित ! आर किछु बलेछे कि मोरे
सोनार निमाइ चाँद ?

श्रीवास—

मागो ! एके-एके बलितेछि सब,
शुन स्थिर ह'ये—
आसिबेन पुत्र तव नवद्वीपे
गङ्गा-दरशने;
जननी ओ जन्मभूमि दर्शनीय एक बार
संन्यासीर पक्षे,
ताइ आसिबेन नवद्वीपचन्द्र
नदीयाय पुनः
ए शुभ संवाद,—
दिते जननीके ताँर,—
आर नदीयावासीरे,
बलेछेन तिनि मोरे वारम्वार ।

शचीमाता—

(काँदिते-काँदिते)

श्रीवास ! पुनः आसिबे नदीयाय

शचीमाता—

पण्डित श्रीवास !
जो कुछ हो कहते तुम,
कुछ नहीं समझ पाती ।
निमाई चाँद पुत्र मेरा,
मैं उसकी माता अभागिनी;
भाग्यके दोषसे पुत्र मेरा
संन्यासी हो गया ।
छोड़कर गृहवास, छोड़ वृद्धामाताको,
छोड़ निज नन्ही-सी रमणीको
बसा है वह नीलाचलमें ।
इसके सिवा और कुछ जानती नहीं मैं ।
पण्डित ! और कुछ कहा है क्या मुझको
सोनेके निमाई चाँदने ?

श्रीवास—

कह रहा हूँ माँ ! एक-एक करके सब,
सुनो स्थिर होकर—
आयेंगे पुत्र तुम्हारे नवद्वीपमें
गङ्गा-दर्शनके लिये ।
जननी-जन्मभूमि-दर्शन विधेय है एकबार
संन्यासीके लिये—
इसलिये आयेंगे नवद्वीपचन्द्र
फिर नदियामें ।
यह शुभ-संवाद
देनेको जननीको अपनी,—
नदियानिवासियोंको तथा,
कहा है उन्होंने मुझे बार-बार ।

शचीमाता—

(रोते-रोते)

श्रीवास ! पुनः आयेगा नदियामें

नदीयार चाँद निमाइ आमार—
कि कथा शुनाइले आजि तुमि मोरे ?
करि आशीर्वाद कि ब'ले तोमाय आजि
ना पाइ भाविया—
जत केश आछे मोर माथे,
तत वर्ष परमायु हउक तोमार;
हओ तुमि धने-पुत्रे लक्ष्मीश्वर;

बल, बल—हेन भाग्य हबे कि आमार ?
आसिबे हेन शुभदिन कबे ?
चेये आछि पथ पाने आमि,—
रेखेछि ए छार पराण,
तार दरशन-आशे ।
बल, बल, पण्डित श्रीवास !
कबे से आसिबे ?

श्रीवास—

अतिशीघ्र;
करेछेन तिनि शुभयात्रा
नीलाचल ह'ते
एइ विजयादशमी तिथिते ।

शचीमाता—

जाइ शीघ्र करि जाइ,—
दिइ गिये ए शुभसंवाद बौमारे आगे;
आहा ! दुःखेर समुद्र माझे,
अगाध अकूल,—
भासितेछे अभागिनी विष्णुप्रिया ।
जगतेर दुःखराशि जत,
करे एकत्रित यदि केह,—
दुःखिनी विष्णुप्रियार दुखराशि सने,
ना हय तुलना ।
पञ्चवर्ष पूर्व्वे,

मेरा निमाई नदियाका चाँद—
अहा ! क्या बात सुनायी आज तुमने मुझे?
तुमको आसीस दूँ किन शब्दोंमें आज—
सोच नहीं पाती हूँ ।
जितने केश हैं मेरे सिरमें,
उतने वर्षोंकी परमायु तुम्हारी हो;
बनो तुम लक्ष्मीश्वर धन और पुत्रकी दृष्टिसे ।

बोलो, बोलो ऐसा भाग्य होगा क्या मेरा?
आयेगा शुभ दिन ऐसा कब ?
पथकी ओर आँख मैं गड़ाये हूँ,
रख छोड़ा है इन दग्ध-प्राणोंको
देखनेकी आशासे उसे ।
बोलो, बोलो, पण्डित श्रीवास !
आयेगा कब वह ?

श्रीवास—

अतिशीघ्र;
आरम्भ कर दी है शुभ यात्रा उन्होंने
नीलाचलसे
